प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा-071/2022-24
डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त: DAVP-: 134220

INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-115 | मथुरा, शुक्रवार, 20 जून 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay




पेज-10
फ्लैट दिलाने के नाम पर 27 लाख की ठगी



पेज-11
पीएम ने बिहार को दी विकास योजनाओं की सौगात



पेज-12
मथुरा की विशेष खबरों के लिए पेज 12 पढ़ें

## बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर एवं न्यास का विरोध

# किसी भी कीमत पर कॉरिडोर एवं न्यास मंजूर नहीं





ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर और न्यास बनाने के विरोध में नारेबाजी करते ब्रजवासी। विरोध में प्रदर्शन करती सेवायत गोस्वामियों की पत्नियां।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के आसपास आज एक ही स्वर सुनाई दे रहा था। कॉरिडोर हाय हाय, मंदिर का पैसा खाना है, कॉरिडोर बहाना है। प्रशासन तेरी तानाशाही नहीं चलेगी... कॉरिडोर बनाने वालों का नाश हो। इसके पीछे की वजह थी

### ब्रजवासियों के साथ महिलाओं का ऐलान

कि ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर बनाने का फैसला और न्यास बनाने के लिए लाए गए अध्यादेश। मंदिर के गोस्वामी, व्यापारी और स्थानीय लोग एक जुट होकर प्रदर्शन करने के लिए आ गए। इसमें महिलाएं भी शामिल दिखाई दी। महिलाओं ने कहा कि हम लोग इस प्रयास को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे। हमको भले ही अपने प्राण न्यौछावर करने पड़ें। हम अपने ठाकुर बांके बिहारी महाराज और वृंदावन को नहीं छोड़ेंगे। जब महिला ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के गेट पर प्रदर्शन कर रही थी तो इंद्रदेवता अपनी कृपा बरसा रहे थे। बारिश में भी उनका जोश कम नहीं हुआ था। विश्वास जाहिर करते हुए महिलाओं ने कहा कि अब इंद्रदेवता की कृपा हो गई है तो ठाकुर बांके बिहारी महाराज भी चमत्कार दिखाएंगे। गौरतलब है कि कॉरिडोर और न्यास बनाने के लिए लाए गए अध्यादेश के विरोध में महिलाओं ने खून से सीएम और पीएम को पत्र लिखा था।

संकल्प | यमुना पूजन के साथ संघर्ष और संकल्प यात्रा की शुरुआत

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा सरकार को घेरा



विश्रामघाट पर संघर्ष एवं संकल्प यात्रा का यमुना पूजन के साथ शुभारंभ करते प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार राय। पूर्व विधायक प्रदीप माथुर, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पं. यतेंद्र मुकद्दम।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार राय ने विश्राम घाट पर विशेष मंत्रों से यमुना महारानी की पूजा अर्चना के साथ यमुना के लिए संघर्ष और संकल्प यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने होली गेट से संघर्ष संकल्प शंखनाद की शुरुआत की। यह यात्रा होली गेट से नगर निगम के कार्यालय तक निकाली। श्री राय ने कहा कि यमुना महारानी के शुद्धिकरण के लिए यह संघर्ष और संकल्प यात्रा का शंखनाद किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने यात्रा के दौरान लोगों से सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति को लेकर संवाद किया। लोगों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस की सरकार आने पर यमुना मां का शुद्धिकरण किया जाएगा साथ ही विकास को लेकर भी उन्होंने बड़े वादे किए। बनारस में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर अधिग्रहण के मामले पर भी सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ के कॉरिडोर में तमाम अन्यताएं बढ़ती गई। वहां के लोगों से जबरन जमीन का अधिग्रहण किया गया। आज एक बार फिर से काशी विश्वनाथ में लोगों का गलियारा को लेकर विरोध शुरू हो चुका है। उन्होंने

### बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर वृंदावन की जनता के साथ छलावा

कहा कि कांग्रेस काशी के लोगों के साथ है। वृंदावन स्थित ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि वह मथुरा और वृंदावन की जनता के साथ हैं।

सरकार जबरदस्ती कॉरिडोर बना रही है जो यहां की जनता के साथ में छलावा है। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के कॉरिडोर को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि वह मथुरा और वृंदावन की जनता के साथ हैं। यहां की जनता के साथ में छलावा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कॉरिडोर के नाम पर वृंदावन के लोगों को बेघर कर रही है।

उनके रोजगार को छीन रही है। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रदीप माथुर, महानगर अध्यक्ष यतेंद्र मुकददम एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खाद्य विभाग ने मारे गोवर्धन, मथुरा व छाता में छापे

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** सहायक आयुक्त धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने जनपद में आगामी मुड़िया मेला के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम को गोवर्धन क्षेत्र में छापा मार अभियान चलाया।

इस दौरान गोवर्धन, छाता, मथुरा के विभिन्न प्रतिष्ठानों 14 नमूने खाद्य सामग्री के लेकर परीक्षण को भेजे गए। गोवर्धन से सौंफ, ग्रीन चिली सॉस, सरसों का तेल, रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल, अरहर दाल व मूंग दाल का एक-एक नमूना, छाता क्षेत्र से बेसन, चीनी व भुना चना का एक-एक नमूना,

### जांच के लिए 14 नमूने लिए, व्यापारियों में मचा हड़कंप

जन्मभूमि के पास से मिश्रित दूध व बद्री नगर मथुरा से मिश्रित दूध व वेज बिरयानी का एक-एक नमूना, इण्डस्ट्रियल एरिया साइट बी, मथुरा से टोमेटो कैचप व ग्रीन चिली सॉस का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। संग्रहित खाद्य नमूनें विश्लेषण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, भरत सिंह तथा मोहर सिंह कुशवाह मौजूद थे।

# जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी कार्यालय हुआ पेपर लैस

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** शासन की मंशा है कि प्रदेश स्तर से लेकर जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर के कार्यालय पेपर लैस हो जाएं। इसका असर जनपद में भी देखने को मिल रहा है। कलेक्ट्रेट, सीडीओ, डीडीओ, पीडी सहित सभी कार्यालय पेपर लैस होने को अग्रसर हैं। वहीं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय ने पेपर लैस कार्य करने में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी विशाल कुमार ने बताया कि उनके कार्यालय ने इस वर्ष पिछड़ा वर्ग के गरीबों के कल्याण जो भी योजनाएं संचालित हो रही हैं वे सभी ऑन लाइन

### प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

चल रही हैं। अभ्यर्थियों द्वारा किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन ऑनलाइन किए जा रहे हैं। वहीं उनकी जांच भी ऑनलाइन हो रही हैं। इसके अलावा सीधे मुख्यालय से योजना का लाभ की धनराशि लाभार्थी को उनके बैंक खाते में भेजी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके विभाग द्वारा पिछड़े वर्ग के छात्रों को प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक की छात्रवृत्ति, गरीब बेटियों की शादी योजना, इसके अलावा कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन ऑनलाइन जमा किए जा रहे हैं।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा के थाना हाईवे क्षेत्र के सुमौला टीला में गुरुवार देर रात युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक के पिता राजाराम ने पड़ोसियों पर बेटे मनसुखा की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

उनका कहना है कि मनसुखा अपनी बहन के साथ घर के बाहर खड़ा था, तभी पड़ोसियों ने हमला कर दिया। पहले सड़क पर पीटा गया, फिर कमरे में बंद कर मार डाला। आरोपियों में लज्जा, मनीष, सूरज, विष्णु, पुष्पा, उमेश, सुमित, रूप बसन्त व 8 अज्ञात शामिल हैं।


बहन मनीषा ने बताया कि भाई बहन से शादी में उपहार की बात कर रहा था, तभी हमला हुआ। मृतक मजदूरी कर परिवार चलाता था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हालांकि पुलिस इसे करंट से मौत बता रही है और जांच जारी है।

## मथुरा से वृंदावन तक ट्रेन चलाने की मांग को लेकर 22 को मार्च

**यूनिक समय, वृंदावन।** 22 जून को रंग जी मंदिर से चुंगी चौराहे तक रेल को वृंदावन में चलाने के लिए मार्च निकाला जाएगा। सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी लोगों को दी गई है। सभी वृंदावन वासी जो रेल चाहते है प्रातः आठ बजे इस मार्च में अपनी अधिक से अधिक उपस्थिति बनाए।


International
Yoga Day
21st June
सद्भावना चैरिटेबल ब्लड बैंक
INTERNATIONAL YOGA DAY
मथुरा में पहली बार CHEMILUMINESCENCE मशीन द्वारा जाँचा हुआ रक्त हर समय उपलब्ध है।
हमारे यहा Whole Blood तथा Blood के सभी कम्पोनेन्ट
जैसे- PRBC (Packed Cells), Platelets Con. (R.D.P.), F.F.P., S.D.P. (Jumbo Pack) आदि उपलब्ध है
8126040602, 9897529288
चन्द्रलोक कॉलोनी, गोवर्धन चौराहा एन. एच.-19, मथुरा (उ0प्र0)



योग दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं !
जीवन में लाएं संतुलन, आत्मा में लाएं शांति
अपनाएं योग की शक्ति।
अतुल कृष्ण अग्रवाल
मेसर्स- के सी गिल्ट ऑर्नामेन्ट, भरतपुर गेट, मथुरा


राधारानी
मिष्ठान एवं नमकीन भण्डार
21ST JUNE
Yoga
DAY
A Quality Product of
M/s Radha Rani Rasgulla and Namkeen Bhandar
Masani Tiraha, Vrindavan Road, Mathura
Ph: 0562-2530225 || www.srrrb.in
online on



बुआ, चाची, ताई, मौसी,
आंटी... और अब माँ भी
गोपी कृष्ण हॉस्पीटल
एण्ड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
MATHURA'S IST FULL NABH ACCREDITED HOSPITAL
CASHLESS TREATMENT AVAILABLE FOR
ECHS RAILWAYS
AYUSHMAN CAPF
ALMOST ALL INSURANCE COMPANIES AND TPS
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
IUI IVF EGG DONOR
EMBRYO FREEZING
DAY 5 BLASTOCYST TRANSFER
मथुरा का पहला IVF सेंटर
निःसंतान दंपति अपनी सूनी गोद भरने के लिए हमसे परामर्श लें।
जनरल गंज, जी आई सी के सामने, आर्य समाज रोड, मथुरा
+91-7251066066, +91-9389882979



इस योग दिवस, खुद से मिलिए
रोज़ाना कुछ मिनट योग को दीजिए!
TERA
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
अनूप गर्ग
टैरा मैलेबल कास्टिंग इंडस्ट्रीज, टैरा टावर,
भूतेश्वर रोड, मथुरा 281004 | मो. 9412728828


JKNP RMC Pvt. Ltd.
INTERNATIONAL
Yoga Day
21 JUNE
Precast Wall
RCC Pipe
जे. के. पाईप्स एण्ड पेवर्स इन्डस्ट्रीज
नितिन कुमार, प्रदीप अग्रवाल
फैक्ट्री एण्ड ऑफिस : माना नगला, सौख रोड, मथुरा
मो. : 8218649716, 9457028383


SDTT
VOCATIONAL INSTITUTE
Educate • Enlighten • Empower
सशक्त नारी, सशक्त ब्रज
INTERNATIONAL
YOGA DAY
Yoga is the only key to being fit and it's essential to do it daily to keep your mind stress free.
Opp.Kankali Temple, Bhuteshwar Road, Mathura 281001. Mob No 9997080570, 8126511999


अंतर्राष्ट्रीय
योग दिवस
योग स्वस्थ रहने की एकमात्र कुंजी है और अपने मन को तनाव मुक्त रखने के लिए इसे प्रतिदिन करना आवश्यक है।
तुषार अग्रवाल (हाथी वाले)
उपाध्यक्ष
नेशनल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (रजि.), मथुरा


We Cater to Your Needs
International
Yoga Day
21 JUNE 2025
"Yoga for Self and Society"
INDIAN
CHINESE
MITTAL FOODS & CATERS
Opp. National Chamber, Saraswati Kund, Mathura
9368448043, 6396619875


Gangotri
Yadis
STAY
INTERNATIONAL
YOGA
DAY
On this Yoga Day, bend so you don't break.
A Boutique Hotel in Vrindavan
AMENITIES
AIR CONDITIONING
FREE WI-FI
FIRE EXTINGUISHERS
CCTV
LUGGAGE ASSISTANCE
FOR RESERVATION
CONTACT: +91-7455029710
209/1 Near ISKCON Temple, Parikrama Marg, Ramanreti, Vrindavan, 281121 (U.P.)



अंतर्राष्ट्रीय
योग दिवस की शुभकामनाएं
योग स्वस्थ रहने की एकमात्र कुंजी है और अपने मन को तनाव मुक्त रखने के लिए इसे प्रतिदिन करना आवश्यक है।
बंटी सिंह
बंटी ग्रिट सप्लायर्स, बरसाना
निवेदकः श्री जी RMC प्लांट गोवर्धन रोड, बरसाना मो. 9627330660, 6395264020


(An English Medium Co-Educational CBSE Affiliated School, Affiliation No. 2130414)
BABA KADHERA SINGH VIDYA MANDIR
A Senior Secondary Residential School
INTERNATIONAL
YOGA DAY
Yoga is the only key to being fit and it's essential to do it daily to keep your mind stress free.
सुरेश सिंह
चेयरमैन
AKKHA (GOVERDHAN- SONKH MARG), MATHURA (UP)
www.bksvm.in | e-mail: bksvm@rediffmail.com
7055021031, 9084627569, 9634573663


एस. एम. योग अनुसंधान संस्थान
आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सालय
अंतर्राष्ट्रीय
योग दिवस
की शुभकामनाएं
कमर व गर्दन दर्द, डायबिटीज, नसों की समस्या, हाई व लो ब्लड प्रेशर, किडनी की समस्या, नींद न आना, सांस की समस्या, अस्थमा, टी.बी., घुटनों की समस्या, अपच, पेट की समस्या, लिवर में सूजन, फैटी लिवर, माइग्रेन आदि विभिन्न रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से दोषरहित कारगर उपचार
योग गुरु व प्राकृतिक चिकित्सक
डॉ. बालमुकुंद शास्त्री
मोरकुटी के बगल में, परिक्रमार्ग, वृन्दावन 8077680373


(AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED ENGLISH MEDIUM SCHOOL
SOPHIA PUBLIC SCHOOL
An English Medium Co-Education School
Best of All Facilities at a Very Nominal Fee
YOGA DAY
21 Jun, 2025
Near (R.k. Filling Station), Sadabad Road, Raya (Mathura) U.P., India
+91- 9759537800, 9761417778
web: www.sophiapublicschool.co.in
Email: sophiapublicschool@yahoo.com


बल्देव पब्लिक स्कूल
मथुरा रोड़, बल्देव (मथुरा)
(Affiliated to C.B.S.E, New Delhi)
Yoga
Day 2025
डॉ. अशोक सिकरवार
(मैनेजिंग डायरेक्टर)
baldeopublicschoolmathura@gmail.com www.baldeopublicscho
Mob. 9720513100, 9720513200, 9412336541


INTERNATIONAL
DAY OF
YOGA
Find yourself through Yoga.
Manufacturer & Exporter of Premium Copperware
www.divinecopper.com
Abhinay Khandelwal | Chetan Khandelwal

## अड़ींग में हुए विकास कार्यों की होगी जांच

# लोकायुक्त के निर्देश पर डीएम ने नामित किए अधिकारी

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने गोवर्धन ब्लॉक की गांव पंचायत अड़ींग में हुए विकास कार्यों की जांच के लिए अपर जिलाधिकारी, (न्यायिक) के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने समिति के सभी सदस्यों से कहा है कि वे एक जुलाई तक हर हाल में लोकायुक्त के कार्यालय में गांव निवासी अजित सैनी की शिकायत का बिंदुवार जांच आख्या उपलब्ध करायें। डीएम ने जांच समिति में एडीएम न्यायिक के अलावा वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला विकास अधिकारी को नामित किया है। लोकायुक्त ने जिलाधिकारी को परिवादी सेहरा पाइसा

### एडीएम न्यायिक के नेतृत्व में तीन सदस्यीय समिति गठित

### डीडीओ व कोषाधिकारी भी शामिल हैं जांच टीम में

### दो दर्जन बिंदुओं पर टीम करेगी जांच

अड़ींग निवासी अजीत सैनी पुत्र चेतराम सैनी के 16 अप्रैल 25 पत्र के प्रकरण में वरिष्ठ अधिकारियों की एक त्रिसदस्यीय समिति का गठन करते हुए जांच के समय परिवादी की सहभागिता अवश्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए थे। इसकी जांच रिपोर्ट एक जुलाई तक उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी थी। बता दें कि ग्राम पंचायत अड़ींग तहसील गोवर्धन में 39 करोड़ रुपये की परफॉर्मेंस ग्रांट के काम में तत्कालीन डीपीआरओ किरन चौधरी के संरक्षण में खुला दुरुपयोग हुआ। पंचायत सचिव, पंचायत सहायक व कथित तौर पर प्रधान के प्रतिनिधि बनने वालों ने जमकर गड़बड़ी की गई थी।

### ये हैं जांच के बिन्दु

7 करोड़ की धनराशि से बनी मण्डी, कार्य योजना के प्रस्ताव संख्या 68–72 नाला निर्माण 6 करोड़ रुपये में कीचड़ पर नाले बनाना, 46 लाख रुपये की सोलर हाईमास्ट लाइटें, 46 लाख रुपये के 30–30 केवी के दो सोलर स्टेशन, 14 लाख रुपय का आरओ एटीएम, गामेती मौहल्ले में एटीएम 14 लाख रुपये व 10 केवी सोलर सिस्टम 11 लाख रुपये, यादव मौहल्ले की सीसी रोड, ओडीएफ योजना बने शौचालय, कुंडों के सौंदर्यीकरण, आदर्श जनता इण्टर कॉलेज की सीसी सड़क, सहित दो दर्जन बिंदुओं पर अधिकारी जांच करेंगे।




# पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में हुई चंदन वाटिका स्थापित



पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में चंदन वाटिका में पौधारोपण करते विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ए.के. मदान।

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान एवं गो अनुसंधान संस्थान में 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर चंदन वाटिका की स्थापना विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ए.के. मदान ने चंदन के पौधेरोपित कर नवाचारी उपवन की आधारशिला रखी। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. देश दीपक सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देश के क्रम में किया गया। इसका उद्देश्य योग प्रकृति और मानसिक शांति के प्रति जन जागरण फैलाना है। कुलपति डॉ. मदान ने कहा कि चंदन वाटिका की स्थापना विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों के लिए ध्यान, चिंतन और शांतिपूर्ण स्थान सिद्ध होगा। कार्यक्रम का समन्वयन नोडल अधिकारी डॉ. चंदन कुमार, प्रभारी, पाश्चर विभाग और डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, सह आचार्य, औषधि विज्ञान विभाग की ओर से किया गया।

# सेवायतों के अधिकार नहीं छीने जाएंगे : योगी



लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते हुए वृंदावन के संत महंत।

वरिष्ठ संवाददाता

### वृंदावन के संतों के साथ योगी आदित्यनाथ ने मुलाकात कर दिया आश्वासन

### संतों ने बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर पर विस्तार से चर्चा की

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर और मंदिर न्यास गठन को लेकर चल रहे विरोध के बीच संतों का एक दल गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने लखनऊ पहुंचा। संतों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर को लेकर चर्चा की। संतों ने बताया कि मंदिर कॉरिडोर को लेकर एक ओर जहां सेवायतों को उनके अधिकार छिनने का डर है, वही आसपास में रहने वाले लोगों को अपने मकान और दुकानें खो देने का भय भी सता रहा है।

इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रज के संतों को आश्वस्त किया कि न तो मंदिर सेवायतों के अधिकार छीने जाएंगे और न ही किसी को बेघर किया जाएगा। सरकार की मंशा भव्य और दिव्य कॉरिडोर बनाकर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देना है। उन्होंने बताया कि कॉरिडोर क्षेत्र में जिनके मकान आएंगे उन्हें मकान बनाकर दिए जायेगें। जिनके लिए जगह भी चिन्हित कर ली है। इससे पहले संतों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ठाकुर जी की प्रसादी भेंट की।

इस दौरान चतुः संप्रदाय के श्री महंत फूलडोल बिहारी दास, अखाड़ा परिषद के श्रीमहंत हरिशंकर दास नागा, महंत रामस्वरूप ब्रह्मचारी, चतु सम्प्रदाय अध्यक्ष महंत लाडली दास, महंत चंद्रमा दास, महंत भगवान दास, महंत राधे श्याम दास, महंत प्रेम दास एवं महा मंडलेश्वर गोविंद दास आदि मौजूद थे।

## ठाकुर बांके बिहारी मंदिर न्यास का विरोध

# धर्म रक्षा संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



डीएम सीपी सिंह को ज्ञापन देते धर्म रक्षा संघ के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह को ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के न्यास के विरोध में ज्ञापन दिया। प्रतिनिधि मंडल में साधु संत एवं धर्म रक्षा संघ के पदाधिकारी शामिल थे। ज्ञापन में राज्यपाल द्वारा जारी किए गए ठाकुर बांके बिहारी मंदिर न्यास अध्यादेश 2025 पर आपत्ति दर्ज की गयी है। इस मौके पर राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश महाराज, ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर के सेवायत आनंदबल्लभ गोस्वामी, महंत अतुल कृष्ण दास महाराज, राष्ट्रीय महामंत्री श्रीदास प्रजापति, राष्ट्रीय संगठन मंत्री आचार्य ज्ञानेश महाराज, महंत दिलीप दास तथा ध्रुव शर्मा आदि उपस्थित थे।

## गोकुल में गौचर भूमि पर अवैध कब्जा की शिकायत

**यूनिक समय, गोकुल (मथुरा)।** नगर पंचायत के अन्तर्गत परमहंस आश्रम के सामने खाली पड़ी हुई खसरा संख्या 186, 183, 181, 179, 176 रकवा 0.0570, 2.8080, 0.2180, 0.3970, 0.3320 गोचर भूमि दर्ज कागजात में है। इस पर नगर पंचायत अध्यक्ष संजय दीक्षित ने पत्र एसडीएम को पत्र दिया गया कि गौचर भूमि में गायों के बैठने के लि पौधारोपण के लिए तहसील से मांग की गयी थी। परन्तु तहसील ने संतुति सहित अपनी आख्या प्रदान की थी, कि यह सब गौचर भूमि है।

नगर पंचायत इस पर वृक्षा रोपण नहीं कर सकती है। परन्तु आज जब लेखपाल पवन चौधरी से उनसे जानकारी मांगी गयी तो लेखपाल द्वारा बताया गया कि 1994 में इस भूमि का पट्टा जारी किया गया है। उसके अन्तर्गत यह निर्माण कार्य चल रहा है। जबकि 4 वर्ष पूर्व तहसील से जानकारी दी थी कि यह भूमि गौचर भूमियों में है। नगर पंचायत के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव एवं डीएम से गौचर भूमि को भूमाफियों से कब्जा मुक्त कराकर गौचर भूमि के बोर्ड लगवाने की मांग की है।



# आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नया होमगार्ड कार्यालय : धर्मवीर

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने जिला कमांडेन्ट होमगार्ड कार्यालय का मथुरा-गोवर्धन मार्ग स्थित ग्राम जचौदा में भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह भवन सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। जिला कमांडेंट (होमगार्ड) डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने नए होमगार्ड कार्यालय निर्माण के लिए भूमि का आवंटन किया था। उन्होंने बताया कि वे भूमि आवंटन के लिए निरंतर प्रयासरत थे, जिसमें उन्हें सफलता मिली और आज विभाग के मंत्री ने भूमि पर पूजा करते हुए नए भवन की नींव रखी। जिलाधिकारी ने होमगार्ड कार्यालय के लिए ग्राम जचौंदा में 0.606 हेक्टेयर भूमि निःशुल्क आवंटित की थी। नए भवन को आधुनिक बनाया जायेगा तथा होमगार्ड विभाग की जरूरतों के अनुसार सभी प्रकार की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जायेगा।



गांव जचौंदा में जिला होमगार्ड कमांडेंट कार्यालय का भूमि पूजन करते हुए प्रदेश के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति।

जिला कमांडेंट होमगार्ड ने बताया है कि कार्यालय मथुरा-गोवर्धन फोरलेन मार्ग से लगभग 300 मीटर अंदर स्थित है। इस जमीन पर जिला कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय और होमगार्ड का परेड ग्राउंड एवं कमांडेंट जनरल द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में होमगार्ड लाइन की स्थापना की जाएगी, जहां पर होमगार्ड की परेड और होमगार्ड का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

नए कार्यालय में कार्मिक कक्ष, प्रशासनिक भवन, स्टोर रूम, मीटिंग हॉल, शस्त्रागार आदि सुविधाएं होंगी। कार्यक्रम में मंडलीय कमांडेंट होमगार्ड घनश्याम चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर आदेश कुमार, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह, ग्राम प्रधान जचौंदा मानवेंद्र सिंह, कार्यदाई संस्था के सहायक प्रोजेक्ट मैनेजर सतवीर सिंह एवं कॉन्ट्रेक्टर अमित गर्ग आदि उपस्थित थे।

### जचौंदा पर 0 .606 हेक्टेयर भूमि पर बनेगा कार्यालय

### होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री ने किया भूमि पूजन एवं शिलान्यास





## बुर्जा रोड की सड़क पर हुए गहरे गड्ढों को भरवाया गया

**यूनिक समय, वृंदावन।** केशव धाम के निकट बुर्जा रोड पर लीकेज से सड़क पर हुए गहरे गड्ढों को नगर निगम ने भरवाया दिया है। लीकेज के कारण 10 फुट के गहरे गड्ढे चौराहे पर हो गए। गड्ढों के कारण यहां ट्रैफिक बाधित हो गया। इसकी सूचना लोगों ने डीएम सीपी सिंह और नगर आयुक्त जग प्रवेश को दी। नगर आयुक्त ने तत्काल मौके पर टीम भेजी और निर्माण विभाग से गड्ढे को भरवाया वही जलकल की टीम ने लाइन को चेक कर अस्थाई तौर पर रिसाव को बन्द कर दिया। पूरी तरह से लीकेज बंद कराकर सड़क की मरम्मत करा दी जाएगी। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने बताया कि बारिश के कारण पानी भरने से सीवर पेयजल लाइनों में लीकेज आ जाता है जिससे यह समस्या उत्पन्न हो रही है। नगर निगम के निर्माण और जलकल विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि वह तत्काल लीकेज की शिकायत मिलते ही उसकी मरम्मत करा दें। यहां यह उल्लेखनीय है कि यूनिक समय ने कल ही इन गड्ढों के बारे में खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

## डीआईओएस कार्यालय पहुंची हाईस्कूल-इंटर की अंक तालिका

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा की अंक तालिकाएं डीआईओएस कार्यालय पहुंच गई हैं। इनका वितरण 21 जून से होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा वर्ष-2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंकतालिका क्षेत्रीय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ के सचिव ने उनके कार्यालय को प्राप्त करा दी गयी है। उन्होंने जनपद के सभी हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को भेजे पत्र में कहा कि कार्यालय द्वारा अंकतालिका प्रधानाचार्य को ही प्राप्त करायी जायेंगी। वित्त विहीन विद्यालय के प्रधानाचार्य कार्यालय द्वारा प्रमाणित किये गये हस्ताक्षर की प्रति आवश्यक साथ लायें। उन्होंने प्रधानाचार्यों से कहा कि 21 जून से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की अंकतालिका समय 11:00 बजे से 04:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त कर लें।

### कल से होगा अंकतालिकाओं का वितरण

### सिर्फ प्रधानाचार्यों को ही मिलेंगी अंक तालिकाएं





## स्थानांतरण पर आरपीएफ इंस्पेक्टर को विदाई

**यूनिक समय, कोसीकलां।** आरपीएफ थाने के इंस्पेक्टर गिर्राज प्रसाद मीणा का स्थानांतरण अछनेरा होने पर विदाई दी गयी। इंस्पेक्टर गिर्राज प्रसाद मीणा ने सभी अधिकारियों व स्टाफ और क्षेत्र की जनता के सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

आरपीएफ के स्टाफ ने उन्हें विदाई देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर आईपीएफ योगेश राणा आगरा, आईपीएफ अमित चौधरी आगरा, आईपीएफ मेघराज मीणी, एसआई पीएफ देवेंद्र कुमार सोलंकी, होडल चौकी प्रभारी चंद्रपाल, एसआई प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

## रक्तदान शिविर लगाने पर संस्था सम्मानित

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक नीरज अग्रवाल ने रक्तदान दिवस पर लगाए रक्तदान शिविर के लिए श्रीमद्भागवत कथा आयोजन समिति के संस्थापक अमित भारद्वाज को सम्मान पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. ऋतु रंजन एवं काउंसलर सुशीला शर्मा उपस्थित थीं।

## मोबाइल टावरों से चोरी करने वाले शातिर तीन चोर पकड़े



पुलिस की गिरफ्त में शातिर तीन चोर।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** एसओजी व थाना जमुनापार की संयुक्त पुलिस टीम ने शातिर तीन चोरों को गिरफ्तार मोबाइल टावरों से चुराई बैटरियों को बरामद किया है। इन बैटरियों की कीमत करीब 16 लाख रुपये बताई जाती है। चोरी में इस्तेमाल किये जाने वाले समान एवं चोरी में प्रयुक्त की गई कार भी जब्त की है। पुलिस ने मथुरा-राया रोड स्थित राधे कोल्ड स्टोर के पास सफेद रंग की कार रोकी। इसमें सवार युवकों से पूछताछ की तो वह सकपका गए। कड़ाई से पूछताछ के दौरान वह टूट गए। उन्होंने अपने नाम तुलसी पुत्र सूबेदार मूल निवासी बैदई थाना सादाबाद हाल निवासी कृष्णा कॉलोनी थाना पल्ला फरीदाबाद हरियाणा, पंकज पुत्र रमेश सिंह व अभय पुत्र राकेश निवासी बैदई थाना सादाबाद जनपद हाथरस बताए। पुलिस टीम में शामिल जमुना पार थाना प्रभारी निरीक्षक अजय किशोर, एसओजी प्रभारी राकेश कुमार, उप निरीक्षक कृपाल सिंह तथा प्रवीण शर्मा आदि सिपाही शामिल थे।

### 16 लाख रुपये की बैटरी, कार समेत अन्य सामान बरामद



अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रांतीय अधिवेशन के आमंत्रण का विमोचन करते विधायक श्रीकांत शर्मा।

## प्रांतीय अधिवेशन के आमंत्रण पत्र का विमोचन

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के 23 जून को होने वाले प्रांतीय अधिवेशन के आमंत्रण पत्र का मथुरा-वृंदावन क्षेत्र के विधायक श्रीकांत शर्मा ने निज निवास पर विमोचन किया। ब्रज प्रदेश अध्यक्ष आचार्य राजेश किशोर गोस्वामी ने कहा कि अधिवेशन का उद्देश्य सभी विप्रो को एक सूत्र में पिरोकर शिक्षा, राष्ट्रसेवा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रसर करना है। जिलाध्यक्ष दुष्यंत सारस्वत एवं महानगर अध्यक्ष श्याम कुमार शर्मा ने कहा कि अधिवेशन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रांतीय कार्यकारिणी के साथ प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पदाधिकारी सहभागिता करेंगे। विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। महानगर उपाध्यक्ष आचार्य दीपक गोस्वामी तथा ब्रह्मानंद शास्त्री आदि उपस्थित थे।

## कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, मथुरा।

संख्या 929 /बीस-बी/शस्त्र-लिपिक/2025 दिनांक 01, जून,2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विवेक कुमार बंसल निवासी-जी०-05 माधवपुरी महोली रोड मथुरा, थाना कोतवाली, जिला मथुरा मैसर्स श्रीजी इण्टरप्राइजेज के द्वारा मौजा मुडेसी में स्थित खसरा नं0 129 में (शॉप नं0-1 एवं स्टोर हाउस-1) व (शॉप नं0-2 एवं स्टोर हाउस-2) से सम्बन्धित निर्धारित प्रपत्र-एई-12 (पार्ट-1) एवं प्रपत्र-एई-12 (पार्ट-2) पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर मौजा मुडेसी के खसरा संख्या-129 कुल रकवा 0.253 हे० भूमि में आयुध भण्डारण हेतु दो दुकान एवं दो स्टोरेज बनाये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 30-06-2025 तक किसी भी कार्य दिवस में (सार्वजनिक अवकाश को छोड़ कर) अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष एवं जिलाधिकारी कार्यालय में शस्त्र लिपिक के पटल पर कार्यालय समय में स्वयं उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**(राकेश कुमार) प्रभारी अधिकारी, शस्त्र मथुरा।**

## जिला पंचायत परिसर का ज्यादातर हिस्सा हुआ जर्जर

# भय के साये में अधिकारी


जिला पंचायत की दीवार टूटी पड़ी हुई।


अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत विनोद कुमार ढाका।


एकाउंट ऑफिसर बेसिक शैलेन्द्र कुमार सिंह।


केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक राजेश कुमार।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला पंचायत की पुरानी बिल्डिंग जर्जर हो गई है। आए दिन ऑफिसों की छत्तों से प्लास्टिर झड़ता रहता है। वर्षा में छतों से पानी टपकता रहता है। ऐसी हालत में जिला पंचायत के विभिन्न पटल, केनरा बैंक की शाखा, एकाउंट अधिकारी बेसिक कार्यालय के कर्मचारी व अधिकारी जान हथेली पर लेकर कार्य कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी विनोद कुमार ढाका ने अधिकारी एवं

### एएमए ने केनरा बैंक व एकाउंट ऑफिसर बेसिक को खाली करने को जारी किया नोटिस

कर्मचारियों की जान माल की सुरक्षा के लिए केनरा बैंक व एकाउंट ऑफिसर बेसिक को नोटिस जारी करके ऑफिसों को तुरंत खाली कराने को कहा है। पुराने भवन मे जिला पंचायत के प्रशासनिक अधिकारी, एकाउंट ऑफिसर व अन्य पटल हैं उसके पीछे के हिस्से की एक दीवार गिर गई है। यही हाल इसके पीछे के हिस्से में बेसिक शिक्षा परिषद के एकाउंट ऑफिसर कार्यालय का है। जिसके दो कमरे जर्जर होने से बंद होने से उनकी फाइलें निकाल कर बरामदे में रख दी है। कर्मचारी अधिकारी बरामदे में भय के साये में काम कर रहे हैं। कर्मचारियों को चिंता है कि कहीं यहां कोई हादसा नहीं हो जाए। जबकि तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने एकाउंट ऑफिसर के कार्यालय को अपने ऑफिस परिसर में बना दिया है। लेकिन वे उसमें नहीं जा रहे हैं। इसके अलावा जिला पंचायत परिसर में बाहर की तरफ केनरा बैंक की एक शाखा है। इसकी छत बहुत जर्जर हो गई है। इसमें वर्षा के दौरान झरता रहता है। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत विनोद कुमार ढाका ने यूनिक समय को बताया कि उन्होंने इस भवन के मरम्मत की कार्य योजना तैयार कर ली है। केनरा बैंक व एकाउंट ऑफिसर बेसिक को दो बार नोटिस उनके द्वारा दिए जा चुके हैं। लेकिन ये लोग खाली नहीं कर रहे हैं। साथ ही डीएम सीडीओ ने भी अधिकारियों को तुरंत भवन खाली करने के आदेश दिए हैं। एकाउंट ऑफिसर शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उनका जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में कार्यालय बनकर तैयार हो गया है। इस माह में वे अपने स्टाफ सहित वहां शिफ्ट हो जाएंगे। केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने जिला पंचायत से कहा है कि जब तक शाखा भवन की मरम्मत होती है तब तक के लिए उनको और स्थान दे दे। इसके अलावा उन्होंने दो अन्य स्थल भी देखे हैं उसमें शिफ्ट हो जाएंगे। वे जल्द खाली कर देंगे।




## कम्प्यूटर प्रशिक्षण में रोशनी, मेंहदी प्रतियोगिता में रुखसार प्रथम


कौशल प्रशिक्षण शिविर के समापन पर छात्रों को सम्मानित करते अतिथि।

संवाददाता

### आत्मनिर्भर बनने के लिए कौशल प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक : महादेव शर्मा

### कौशल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**यूनिक समय, गोवर्धन।** कस्बे के श्री बाबू लाल महाविद्यालय में पिछले एक माह से संचालित हो रहे ग्रीष्मकालीन कौशल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य महादेव शर्मा, निदेशक एडवोकेट नंदकिशोर शर्मा, प्राचार्य डॉ. लीविस कुलश्रेष्ठ, उपप्राचार्य डॉ. उम्मेद सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलन कर किया।

शिविर के दौरान मेहंदी, नृत्य, कंप्यूटर ट्रेनिंग, इंग्लिश स्पीकिंग व पर्सनैलिटी डेवलपमेंट जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए। कंप्यूटर टेस्ट में रोशनी प्रथम, तनु द्वितीय, फाल्गुनी तृतीय रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में रुखसार, दिव्या और केश सज्जा में शालू, चाहत, निधि ने स्थान प्राप्त किए। ग्रुप डांस में "अमीजे तुम्हार" ग्रुप अव्वल रहा। वैंपायर कॉन्टेस्ट में वंदना प्रथम रहीं। ब्राइडल प्रतियोगिता में सोनिया, बुलबुल, नीलम और खुशबू विजयी रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. धीरज कौशिक ने किया तथा इंग्लिश एनाउंसर की भूमिका प्रियांशी व नताशा कौशिक ने निभाई। समापन अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापकगण सहित अनेक प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## श्वेत वराह मंदिर में हुआ ज्येष्ठाभिषेक

**यूनिक समय, मथुरा।** प्राचीन श्री श्वेतवाराह मंदिर में आज ज्येष्ठाभिषेक का आयोजन हुआ। मंदिर के सेवायत सर्वेश कुमार शर्मा एडवोकेट एवं मयंक शर्मा एडवोकेट ने बताया कि ठाकुर जी को आज के दिन ज्येष्ठा स्नान ग्रीष्म ऋतु के ताप से शमन के लिए कराया जाता है, आज चंद्रमा अनुराधा नक्षत्र में उपस्थित हुआ है। इस दिवस ठाकुरजी को ज्येष्ठा स्नान कराए जाते हैं। फिर 1100 आमों से हुआ श्रीप्रभु का आम्रसहस्त्रार्चन आमरस का विशेष भोग लगाया। इस मौके पर आचार्य सनत गोपाल दीक्षित व अनुज अग्रवाल उपस्थित थे।

## गांजे के साथ दो तस्कर दबोचे

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस ने दो अभियुक्तों को अवैध गांजा व चाकू सहित गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के नाम प्रहलाद पुत्र शिव सिंह तथा नीरज पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम भूडरसू थाना रिफाइनरी मथुरा है।

## बरसाती दिनों में कोसीकलां की सड़कों पर नहीं होगा जलभराव

**यूनिक समय, कोसीकलां।** बरसाती दिनों में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पालिका प्रशासन नाला निर्माण के लिए तेजी से काम करने में जुटी है। शुक्रवार को चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने सराय के सामने पुलिया एवं नाला निर्माण का निरीक्षण कर बरसात में जलभराव न होने देने का दावा किया है। लालाराम मार्ग एवं पुराना जीटी रोड पर सराय के पास नाले एवं पुलियों का निर्माण किया जा

### नालों की स्थिति को सुधारने में जुटे पालिकाध्यक्ष

रहा है। चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि इस बार बरसाती दिनों में नगर को जलभराव से मुक्ति मिल जाएगी। उनकी कोशिश होगी कि बरसाती पानी तेजी से निकल जाए और हमारा शहर साफ एवं स्वच्छ दिखे।

## योग और आध्यात्मिकता : स्वस्थ जीवन का संगम

**यूनिक समय, मथुरा।** के.डी. मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के उप चिकित्सा अधीक्षक एवं विभागाध्यक्ष मनोचिकित्सा डॉ. गौरव सिंह ने इंडोनेशिया के चौथे अंतरराष्ट्रीय "मनोचिकित्सा और आध्यात्मिक" सम्मेलन में जोर देकर कहा कि योग और आध्यात्मिकता स्वस्थ मानव जीवन का आधार हैं। यह सम्मेलन बाली के सनसेट रोड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया, जिसमें यूके, यूएसए, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड समेत 150 से अधिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। डॉ. सिंह ने डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे आध्यात्मिक व्यक्ति तनाव और मानसिक विकारों से बेहतर तरीके से निपट सकता है। वहीं, मनोचिकित्सा न केवल "टॉक थैरेपी" है, बल्कि यह व्यक्ति को अपने अचेतन विचारों, भावनाओं और व्यवहारों को समझकर उन्हें नियंत्रित करने में मदद करती है।


चौथे अंतरराष्ट्रीय मनोचिकित्सा और आध्यात्मिक सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए उप चिकित्सा अधीक्षक और विभागाध्यक्ष मनो चिकित्सा डॉ. गौरव सिंह।

उन्होंने विशेष रूप से माइंडफुलनेस, ध्यान और योग के सम्मिश्रण की बात की, जिन्हें अपनाकर व्यक्ति जीवन

### डॉ. गौरव सिंह ने बाली में रचे नए आयाम

में स्पष्टता और संतुलन पा सकता है। "स्वयं का अध्ययन" ही असली आध्यात्मिकता है। योग चिकित्सा पर डॉ. सिंह का जोर रहा- यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित करता है, बल्कि न्यूरोलॉजिकल बीमारियों जैसे मल्टीपल स्क्लेरोसिस, फाइब्रोमायल्जिया, मिर्गी और स्ट्रोक में भी असरदार है। योगाभ्यास से तनाव, दर्द और अन्य लक्षणों का प्राकृतिक प्रबंधन संभव हो जाता है। सम्मेलन में उपस्थित भारत के दो विशेषज्ञों सहित अन्य वक्ताओं ने भी भारत में इस दिशा में योगदान बढ़ाने की आवश्यकता पर सहमति जताई। डॉ. रामकिशोर अग्रवाल, अध्यक्ष आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप, और के.डी. मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन मनोज अग्रवाल ने डॉ. सिंह के विचारों की प्रसंशा की।

## गांवों की प्लास्टिक को रिसाइकिल करने का प्लांट नौहझील में हुआ चालू

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज रज प्लास्टिक मुक्त अभियान को सफल बनाने में पंचायत राज विभाग जुटा हुआ है। प्लास्टिक को रिसाइकिलिंग करने के लिए नौहझील में प्लांट चालू हो गया है। इससे जहां गांवों की गंदगी दूर करने में मदद मिल रही है वहीं पंचायतों को प्लास्टिक एकत्रित करने की एवज में आय भी हो रही है। बता दें कि विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को 123 ग्राम पंचायतों में पॉलीथिन व प्लास्टिक एकत्रित करके उसकी गाड़ियों को निस्तारण के लिए सांसद हेमामालिनी, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, सीडीओ मनीष मीना, एसडीएम अभिनव जैन, डीपीआरओ धनंजय जायसवाल, डीएफओ रजनीकांत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद यह एकत्रित प्लास्टिक नौहझील में एक संस्था द्वारा लगाए गए प्लांट को भेजा गया। डीपीआरओ धनंजय जायसवाल ने बताया कि पहले प्लांट में हर तरह की प्लास्टिक को अलग-अलग छांटा गया। उसके बाद उसको अलग अलग रिसाइकिलिंग किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर 20 टन प्लास्टिक उक्त पंचायतों से एकत्रित करके यहां लाई गई थीं।




# मथुरा समेत 16 जिलों में 144 औद्योगिक प्लॉट्स की होगी मेगा ई–नीलामी

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश बनाने की दिशा में योगी सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मथुरा समेत 16 जिलों में 144 औद्योगिक प्लॉट्स की मेगा ई–नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई है। इच्छुक उद्यमी 5 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जबकि पात्र आवेदकों को 11 जुलाई को होने वाली नीलामी में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

यह नीलामी 300 वर्ग मीटर से लेकर 13,197 वर्ग मीटर तक के प्लॉट्स के लिए होगी, जिनका उपयोग विभिन्न औद्योगिक इकाइयों की स्थापना में किया जाएगा। सबसे बड़ा प्लॉट कानपुर के मलवां में 13,197 वर्ग मीटर का है जिसकी आरक्षित कीमत 3.74 करोड़ रुपये है। वहीं, सबसे छोटे प्लॉट 300 वर्ग मीटर के हैं, जिनकी आरक्षित कीमत 16.47 लाख रुपये निर्धारित की गई है।

इस प्रक्रिया से मथुरा, अमेठी, शाहजहांपुर, हमीरपुर, झांसी, कानपुर, जालौन, फतेहपुर, उन्नाव, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, वाराणसी, मैनपुरी, बागपत व बांदा जिलों में उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा। आवेदन व अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उद्यमी यूपीसीडा की वेबसाइट या निवेश मित्र पोर्टल पर लॉगिन कर सकते हैं।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध नगर निगम का एक्शन

### तीस हजार रुपये जुर्माना वसूला, 22 किलो प्लास्टिक जब्त

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर आयुक्त जग प्रवेश के निर्देश पर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्यवाही जारी है। औरंगाबाद के जोनल प्रभारी सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान के निर्देशन में नगर निगम की टीम ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध कार्यवाही की गई। नगर निगम की टीम ने आज वृंदावन जोन में अटला चुंगी चौराहा, सौ फूटा रोड, सुनरख रोड एवं प्रेम मंदिर रोड से प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक से बने गिलास, चम्मच आदि का उपयोग करने वाले विभिन्न प्रतिष्ठान संचालकों से तीस हजार रुपये का जुर्माना वसूला। 22 किलो पॉलीथिन/सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की गई। प्रतिष्ठान संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक अथवा पॉलीथिन का उपयोग भविष्य में न किया जाए। कार्यवाही के दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेश चंद, नगर निगम की ईटीएफ टीम के साथ प्रवर्तन दल एवं दीपक शर्मा आदि उपस्थित थे।

## समस्या समाधान के लिए व्यापारियों के साथ बैठक



नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक मे व्यापारी बंधु।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृन्दावन की सीमान्तर्गत शहर में व्याप्त अतिक्रमण, साफ–सफाई, पानी, लाइट आदि समस्याओं के निस्तारण के लिए विचार–विमर्श, सुझाव के लिए जिला उद्योग बन्धु, जिला व्यापार मण्डल, मथुरा के साथ नगर निगम के अधिकारियों ने बैठक की।

## अघोषित विद्युत कटौती को लेकर व्यापारियों में गुस्सा

# बिजली अधिकारियों को चैन से बैठने नहीं दिया जाएगा



नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की कोर कमेटी की बैठक में पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की कोर कमेटी की बैठक नगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 29 जून को व्यापारी मसीहा भामाशाह की 478वीं जयंती पर जिला चिकित्सालय में 51 यूनिट रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, व्यापारियों के स्वास्थ्य को लेकर देश के प्रतिष्ठित मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के सहयोग से विशेष स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

बैठक में नगर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 7 उपाध्यक्ष, 8 मंत्री, 7 संगठन मंत्री, 4 प्रचार मंत्री और 1 युवा नगर अध्यक्ष की घोषणा की गई। उपाध्यक्ष पद पर महावीर मित्तल, गुरमुख दास, राकेश अग्रवाल सहित अन्य, मंत्री पद पर नागेंद्र वर्मा, प्रेम शंकर अग्रवाल, संगठन मंत्री पद पर अश्वनी गर्ग, योगेश अग्रवाल, प्रचार मंत्री पद पर पूरन सिंह सविता, शरद चतुर्वेदी और युवा नगर अध्यक्ष के रूप में मुकेश अग्रवाल को मनोनीत किया गया।

बैठक में बिजली की अघोषित कटौती पर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के घेराव का निर्णय भी लिया गया। महामंत्री सुनील साहनी और भगवान चतुर्वेदी ने कहा कि बिजली संकट से व्यापार और उद्योग दोनों प्रभावित हो रहे हैं। वरिष्ठ मंत्री विकास जिंदल और नागेंद्र वर्मा ने स्वास्थ्य चर्चा आयोजन की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष मीणालाल अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्रीय समितियों का तेजी से गठन हो रहा है और जल्द ही नई इकाइयों की स्थापना की जाएगी। संचालन शशिभानु गर्ग ने किया।

## पंचायत राज विभाग कल योग दिवस मनाने की तैयारी में जुटा

**यूनिक समय, मथुरा। मथुरा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 को सफल बनाने के लिए पंचायत राज विभाग सक्रिय है। जिले की सभी 495 ग्राम पंचायतों में आयोजन होगा। डीपीआरओ ने ग्राम प्रधानों को प्रधानमंत्री मोदी का संदेश भेजा, जिसमें थीम "योगः एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य" बताई गई। पंचायत सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि वे खुद गांवों में उपस्थित रहकर योग कराएं, फोटो एप पर भेजें और प्रमाणपत्र प्राप्त करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

# टीबी संक्रमण का पता लगाना होगा आसान

### सीवाई टीबी परीक्षण से अब सिर्फ 48 से 72 घंटे में मिलेगी बीमारी की जानकारी

### मथुरा को मिली 360 किट, 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जांच शुरू

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा जिले में टीबी संक्रमण की पहचान और रोकथाम के लिए सीवाईटीबी नामक अत्याधुनिक त्वचा परीक्षण शुरू किया गया है। इस परीक्षण की सहायता से उच्च जोखिम वाले समूह–जैसे कि डायबिटीज रोगी, धूम्रपान करने वाले, नशे के आदि उपयोगकर्ता, टीबी रोगियों या एचआईवी वाले व्यक्तियों के संपर्क की लेटेंट टीबी संक्रमण जल्दी और सटीक रूप से पहचानी जा सकेगी। अभियान के तहत राज्य स्तरीय 3600 वायल किट उपलब्ध कराई गई हैं और परिणाम सिर्फ 48-72 घंटे में मिलेंगे, जिससे संक्रमण की पुष्टि हुई स्थिति में तुरंत टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी शुरू की जा सकेगी। डॉ. सत्य प्रकाश राठौर और जिला समन्वयक शिव कुमार के अनुसार, 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले उच्च जोखिम समूहों के लिए यह परीक्षण अनिवार्य है। सकारात्मक रिपोर्ट आने पर रोगी को तुरंत दवा दी जाएगी, जिससे संक्रमण के सक्रिय बीमारी में बदलने की संभावना कम होगी। यह पहल राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के नी क्षय पोर्टल के साथ जुड़कर मथुरा सहित पूरे भारत में टीबी नियंत्रण में एक बहुआयामी रणनीति तैयार करने का हिस्सा है, जो 'टीबी मुक्त भारत 2025' लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगी।

### मथुरा को जल्द टीबी मुक्त करने की दिशा में कार्य जारी

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने बताया कि मथुरा को जल्द से जल्द टीबी मुक्त करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। अभी तक पिछले वर्ष 102 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। इस वर्ष 200 से अधिक ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

# शेरगढ़ भू माफिया के हौंसले बुलंद, थाने में पत्रकार से मार–पीट


**यूनिक समय, शेरगढ़ (मथुरा)।** छाता तहसील के कस्बा शेरगढ़ में इन दिनों भू माफियाओं का गिरोह सक्रिय है। भूमाफिया सरकारी जमीनों पर लगातार कब्जा कर रहे हैं। पत्रकार द्वारा सरकारी जमीनों पर कब्जा किए जाने की शिकायत खबर छापने को लेकर भू माफिया द्वारा थाना शेरगढ़ में ही पत्रकार के साथ में मारपीट की घटना को अंजाम दे दिया है। वही पीड़ित पत्रकार रामकुमार तिवारी ने बताया कि कस्बा शेरगढ़ का वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि व अन्य भूमाफिया मिलकर सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। प्रशासन भी भूमाफियाओं से मिला हुआ है। आज भू माफिया किस्म के लोगों द्वारा थाना शेरगढ़ में उपनिरीक्षक के सामने ही उसके साथ मारपीट कर दी। थाना शेरगढ़ में कोई सुनवाई नहीं की जा रही है ,जबकि वह अपनी जान माल सुरक्षा के लिए पूर्व में थाना शेरगढ़ व उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत कर चुके हैं। आरोप लगाया कि इन लोगों से उनको बहुत बड़ा खतरा है, पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से अपने लिए न्याय की गुहार की है। अब देखना होगा पुलिस महकमा क्या करता है। पुलिस ने पत्रकार व वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शेरगढ़ को 151 में पाबंद कर दिया है। कुछ प्रशासनिक कर्मचारियों अधिकारियों की मिली भगत होने के कारण लगातार पत्रकारों का उत्पीड़न किया जा रहा सूत्रों से खबर मिली है कि प्रशासन इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं।






## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025: योग और उसके 21 आसन क्या हैं!

# किस बीमारी में कौन सा योगासन करना फायदेमंद है



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** योग जीवन जीने का एक तरीका है, जिसमें उठने–बैठने से लेकर सोने तक का तरीका सिखाया जाता है। जो लोग नियमित रूप से योगाभ्यास करते हैं उनकी मानसिक शक्ति, शारीरिक शक्ति और हजारों लाभ मिलते हैं। जानते हैं 21 योगासन कौन से हैं और उनके फायदे क्या हैं?

स्वस्थ शरीर, निरोगी काया और सुंदर मन के लिए रोजाना योगाभ्यास जरूर करना चाहिए। योग हमें बैठने का तरीका, प्राणायाम और ध्यान करना सिखाता है। रोजाना योग करने से शरीर को अनगिनत फायदे मिलते हैं। इसीलिए योग को अपने जीवन का हिस्सा जरूर बनाएं। रोजाना योग करने से शरीर, दिमाग और मन स्वस्थ रहते हैं। आइये जानते हैं 21 योगासन कौन से हैं और कौन से योगासन से क्या फायदा मिलता है?

**अर्ध चन्द्रासन–** इस आसन को करने में शरीर को अर्ध चंद्र जैसी स्थिति में रखना होता है। इसे अर्धचन्द्रासन भी कहते है। शरीर के निचले हिस्से, पेट और सीने के लिए ये स्ट्रेचिंग पोज फायदेमंद होता है।

**भुजंगासन–** इस योगासन को करने से छाती, कंधों और पेट की मांसपेशियों में खिचाव आता है। शरीर में लचीलापन बढ़ाता है और साइटिका को शांत करने में मदद करता है।

**बालासन–** इस योगासन को करने से मन शांत रहता है। कूल्हों, पीठ के निचले हिस्से और जांघों को खींचकर तनाव को कम करने में मदद करता है।

**मार्जरासन–** इस योगाभ्यास को शरीर की स्ट्रेचिंग के लिए अच्छा माना जाता है। ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। पेट और कमर की समस्याएं भी कम होती हैं।

**नटराज आसन–** वजन घटाने में मदद करता है और शरीर का बेहतर बैलेंस बनाने में मदद करता है। इस योगाभ्यास से जांघ, कूल्हे, टखने और सीना स्ट्रेच होकर मजबूत होता है।

**गोमुखासन–** तनाव और चिंता को दूर करने में ये योगाभ्यास मदद करता है। इससे शरीर लचीला बनता है और संतुलन और ताकत को भी बेहतर बना सकते है।



**हलासन–** मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। कब्ज से राहत और पीठ दर्द में आराम मिलता है।

**सेतुबंधासन–** बेली फैट घटाने में मदद करता है। हाई ब्लड प्रेशर और थायराइड के मरीज इस योगाभ्यास को कर सकते हैं।

**रॉकिंग चेयर योग–** इस योगाभ्यास को रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने के लिए अच्छा माना जाता है। इससे शरीर में ब्लड फ्लो अच्छा रहता है।

**सुखासन–** इस योगाभ्यास को करने से मन को शांति मिलती है। थकान, स्ट्रेस, टेंशन, एंग्जाइटी और डिप्रेशन को दूर करता है।

**नमस्कारासन–** ये बेहद सरल आसन है जो तनाव से राहत दिलाने में मदद करता है और बेचैन मन को शांत करता है।

**ताड़ासन–** इस योगासन से जांघों, घुटनों और टखनों को मजबूती मिलती है। ताड़ासन करने से पेट टोंड होता है।



**त्रिकोण मुद्रा–** कमर और पीठ की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। शरीर में लचीलापन बढ़ता है।

**कोणासन–** इस योगासन को करने से मांसपेशियां सुडौल और मजबूत होती हैं। पाचन में सुधार और कब्ज दूर होता है।

**उष्ट्रासन–** इस योग से तनाव को कम किया जा सकता है। कंधों, बाहों, पीठ और पैरों की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है।

**वज्रासन–** रोजाना वज्रासन करने से पाचन शक्ति बढ़ती है। इसे पेट की बीमारियों और डाइजेशन के लिए अच्छा माना जाता है।

**वृक्षासन–** मांसपेशियों को ताकतवर बनाने में मदद करता है और पोस्चर में सुधार लाता है।

**दंडासन–** इसे पीठ की मांसपेशियों, कंधों और छाती के लिए अच्छा माना जाता है। एकाग्रता बढ़ाने में मदद करता है।

**अधोमुखी आसन–** मांसपेशियों को मजबूत बनाने और फेफड़ों की समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

**शवासन–** इस योगाभ्यास से बॉडी को रिलेक्स करने में मदद मिलती है। पूरी सेहत के लिए इसे अच्छा माना जाता है।

**उष्ट्रासन-** इस योग से तनाव को कम किया जा सकता है। कंधों, बाजू और पीठ की मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद मिलती है।

---


योग एवं विश्व संगीत दिवस कल

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शोर में गुम होता जा रहा है 'विश्व संगीत दिवस'

विशेष संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** वर्ष के सबसे लम्बे दिन के रूप में जाना जाता है 21 जून का दिन। इस दिन को सन् 2015 से अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा से निश्चय ही हमारे देश का मान बढ़ा है। हमें गर्व है कि हमारे देश के प्रधानमंत्रीनरेन्द्र दामोदर दास मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 27 सितंबर 2014 को इसका प्रस्ताव रखा था। 11 दिसंबर 2014 को ही इसको स्वीकृति भी मिल गई। फिर 21 जून 2015 से इसे मनाना प्रारंभ हुआ। विगत एक दशक से इस दिन को जिस भव्यता के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है, उस पर हम सभी भारतवासियों का गर्वित होना स्वाभाविक ही है। यह भी एक अत्यंत ही हर्ष की बात है कि इसी दिन को 1982 से विश्व संगीत दिवस के रूप में भी मनाया जा रहा है। फ्रांस के संस्कृति मंत्री जैक लैंग ने इसकी शुरुआत की और 18 देशों से इसका प्रारंभ हुआ। वर्तमान में लगभग 120 देशों के लगभग एक हजार शहरों में यह मनाया जाता है। है न सुखद संयोग! सच तो यह है कि संगीत में योग स्वतः ही समाहित होता है। कोई भी गायक, वादक या नर्तक अपनी प्रस्तुति के दरम्यान एक दूसरी ही दुनिया में खो जाता है। कलाकार ही क्या, श्रोतागण और दर्शकगण भी एक अलग ही दुनिया में चले जाते हैं। सभी चिंताओं और अवसाद से मुक्त हो जाते हैं। हां, किसी मजहब विशेष में योग और संगीत का निषेध होने से न योग की महत्ता कम होती है और न संगीत की। इस्लाम में दोनों के प्रति ही कोई सम्मान का भाव नहीं है, किंतु फिर भी हजारों मुस्लिम कलाकारों ने संगीत की दुनिया में अपना परचम लहराया है और आज भी समर्पित भाव से संगीत की सेवा कर रहे हैं। यदि 21 जून को विश्व–संगीत एवं योग–दिवस के रूप में एक साथ मनाया जाये तो कितना अच्छा लगे। जब से 21 जून को प्रतिवर्ष योग–दिवस के रूप में मनाने की घोषणा हुई है, संगीत–दिवस उसके शोर में कहीं गुम–सा हो गया है। इस सबके लिये जितना प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया उत्तरदायी है, उतना ही संगीत के क्षेत्र से जुड़े कलाकार, श्रोता और दर्शक भी। कम–से–कम संगीत से जुड़े लोग तो इसे न भूलें। ब्रज संगीत विद्यापीठ के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कृष्ण का केंद्र सरकार को सुझाव है कि यदि 21 जून को विश्व–संगीत एवं योग–दिवस के रूप में मनाने की परम्परा डलवाने में सहयोग करे तो सबका जीवन निरोगी के साथ–साथ रसमय भी बन सकता है। संगीत और योग का संयोग इसे "संयोग दिवस" के रूप में स्थापित कर संगीत और योग का विश्व में परचम लहरा सकता है। जैसे योग भारत की देन है वैसे ही संगीत भी। इससे भारत का भाल और उंचा ही होगा।

## योग से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव



**यूनिक समय, मथुरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों और योग प्रशिक्षकों ने बच्चों के लिए योग को जरूरी बताते हुए कई उपयोगी सुझाव साझा किए। उनका मानना है कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास का भी एक सशक्त माध्यम है।

विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों को योग में रुचि दिलाने के लिए इसे खेल और मस्ती के रूप में सिखाना चाहिए। "बिल्ली की मुद्रा", "भौंरे की आवाज" जैसे अभ्यास बच्चों को आकर्षित करते हैं और ध्यान केंद्रित करने में मदद करते हैं।

योग शिक्षकों का सुझाव है कि बच्चों के लिए योग सत्र 10–15 मिनट से शुरू किए जाएं। इसमें ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन जैसी सरल मुद्राएं शामिल की जाएं। सांस पर ध्यान केंद्रित करने वाली तकनीकें जैसे "भ्रामरी प्राणायाम" बच्चों को शांति और अनुशासन सिखाती हैं।

योग प्रशिक्षकों का मानना है कि अगर बच्चे माता–पिता या शिक्षक के साथ योग करें, तो उन्हें प्रेरणा मिलती है और वे इसे दिनचर्या में शामिल कर पाते हैं। साथ ही, बच्चों को सकारात्मक सोच और कृतज्ञता जैसे मानसिक अभ्यास भी सिखाए जाएं।

विशेषज्ञों ने यह भी स्पष्ट किया कि योग को बच्चों पर थोपना नहीं चाहिए, बल्कि रुचिपूर्वक सिखाना चाहिए। उनका मानना है कि योग बच्चों की एकाग्रता, आत्मविश्वास और शारीरिक लचीलापन बढ़ाने में बेहद कारगर है।


# "योग से बदली किस्मत : भारतीय गुरुओं पर बरस रहे डॉलर"

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्तुत 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' का विचार अब वैश्विक आंदोलन का रूप ले चुका है। 21 जून 2015 को जब पहली बार यह दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया गया था, तब से लेकर आज तक न केवल योग की लोकप्रियता में वृद्धि हुई है, बल्कि भारतीय योग शिक्षकों की मांग में भी अभूतपूर्व उछाल देखा गया है। अब 21 जून 2025 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' मनेगा।

आज अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, हंगरी, स्पेन, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भारतीय योगाचार्य न केवल योग सिखा रहे हैं, बल्कि लाखों रुपये की मासिक आय भी अर्जित कर रहे हैं। यह परिदृश्य भारत की सांस्कृतिक शक्ति और प्रधानमंत्री मोदी के 'योग डिप्लोमेसी' की सफलता को उजागर करता है।

योग के वैश्विक प्रचार–प्रसार में एक प्रमुख नाम है सदानंद, जो यूपी के औरैया जिले स्थित गेल में कार्यरत हैं। उन्होंने 'इंटरनेशनल फाउंडेशन ऑफ योग प्रोफेशनल्स' (आईएफवाईपी) की स्थापना कर योग प्रशिक्षकों को देश–विदेश में पहुंचाने का एक मजबूत तंत्र खड़ा किया है। आज आईएफवाईपी से 38,000 से अधिक योग शिक्षक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ चुके हैं। इस संस्था द्वारा प्रशिक्षित योग शिक्षकों को अमेरिका, जापान, श्रीलंका, फिजी, रूस, हंगरी, ब्राजील और भूटान जैसे देशों में भेजा जा रहा है, जहां वे शॉर्ट टर्म (2-3 सप्ताह) से लेकर लॉन्ग टर्म (2 वर्ष तक) की सेवाएं दे रहे हैं।

आईएफवाईपी से जुड़ी स्वाति कुमारी, जो अब अमेरिका के अटलांटा शहर में योग सिखाने के लिए रवाना होने वाली हैं, बताती हैं कि शुरुआत में योग उन्हें केवल एक शारीरिक अभ्यास प्रतीत होता था। लेकिन धीरे–धीरे उन्होंने योग को जीवनशैली के रूप में अपनाया। उन्होंने आत्मनिरीक्षण, ध्यान और प्राणायाम के जरिए मानसिक स्थिरता पाई। उनके अनुसार, "आज योग मेरे लिए केवल अभ्यास नहीं, बल्कि एक आत्मिक साधना है।" स्वाति ने भारत में कई कार्यशालाओं और शिविरों का संचालन किया और अब वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की योग परंपरा को साझा करने को तैयार हैं। उन्हें यह अवसर इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशन्स की मदद से मिला है।



सदानंद के अनुसार, 2015 से पहले कोई भी सामान्य योग शिक्षक विदेश नहीं जा सकता था। लेकिन पीएम मोदी की पहल और आयुष मंत्रालय की सक्रियता के बाद यह सपना भी संभव हुआ। आईएफवाईपी की शुरुआत बहुत साधनों के बिना हुई थी। दिल्ली के नजफगढ़ में एक छोटे कमरे से संगठन ने काम शुरू किया। लेकिन आज यही संस्था सैकड़ों युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचा रही है।

2016 में पहला बैच विदेश गया था, और अब तक तीन बैच सफलतापूर्वक काम कर चुके हैं। चौथा बैच, जिसमें 50 से अधिक योग शिक्षकों का चयन हो चुका है, भी प्रस्थान के लिए तैयार है। ये शिक्षक प्रति माह दो से ढाई लाख रुपये तक कमा रहे हैं। कुछ को दोबारा विदेश भेजा गया है। भारतीय योग शिक्षकों को विदेश भेजने में आईसीसीआर और विदेश मंत्रालय की केंद्रीय भूमिका है। योगाचार्य की नियुक्ति के लिए आवश्यक है कि उनके पास योग में मान्यता प्राप्त डिग्री या डिप्लोमा हो। चयन साक्षात्कार के माध्यम से होता है, और संस्कृत व अंग्रेजी भाषा का ज्ञान चयन प्रक्रिया में वरीयता दिलाता है। आज भारत के योग शिक्षक अमेरिका के साथ–साथ कोरिया, बहरीन, सेशेल्स, पापुआ न्यू गिनी, नेपाल और हंगरी जैसे देशों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इन देशों में भारतीय दूतावास, योग केंद्र और सांस्कृतिक संगठन इन शिक्षकों के माध्यम से योग को स्थापित कर रहे हैं।

आईएफवाईपी का अगला लक्ष्य भारत के हर गांव, शहर, सरकारी और गैर–सरकारी संस्थानों में कम से कम एक प्रशिक्षित योगाचार्य तैनात करना है। इसके लिए डॉक्टर, छात्र, प्रोफेसर और एमएनसी कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब जब योग अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त कर चुका है, तब यह केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर ही नहीं, बल्कि आर्थिक अवसर का भी माध्यम बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से योग का जो बीज बोया गया था, वह अब वैश्विक मंच पर फल–फूल रहा है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं रह गया है, यह अब भारत की सॉफ्ट पावर का प्रभावी उदाहरण बन गया है। योग ने न केवल दुनिया को स्वस्थ जीवन की दिशा दिखाई, बल्कि हजारों भारतीय युवाओं को रोजगार और सम्मान भी दिलाया है।

## सम्पादकीय

# एआई की चुनौती और अवसर समझने का समय

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नए दौर में इससे पैदा होने वाले अवसरों और चुनौतियों पर दुनिया में अब तक तो सिर्फ बहस चल रही थी, लेकिन अब उससे आगे सोचने और करने का समय आ गया है। ओपनएआई के प्रमुख सैम ऑल्टमैन का यह बयान काफी मायने रखता है कि ह्यूमनॉइड रोबोट और जनरेटिव एआई जल्दी ही दुनियाभर में लाखों नौकरियों को प्रभावित कर सकते हैं। ऑल्टमैन की यह चेतावनी इसलिए भी मायने रखती है कि ओपनएआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में दुनिया की सबसे अग्रणी कंपनी है। यह एआई के नए–नए इस्तेमाल पर शोध करने और उसे आगे बढ़ाने के काम में लगी हुई है।



पवन गौतम
संपादक

एआइ किस गति से मानव श्रम का स्थान लेगा, पक्के तौर पर इसकी कोई डेडलाइन तय नहीं की जा सकती, लेकिन ऑल्टमैन ने साफ कर दिया है कि एक–दो साल में ही काफी कुछ बदल जाएगा। एक ओर, तकनीकी नवाचार की अपार संभावनाएं हैं– प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी, सेवाओं में तेजी आएगी और नए क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बनेंगे। दूसरी ओर, कम–से–कम 30 करोड़ नौकरियां ऐसी हैं जिन पर ऑटोमेशन का सीधा असर पड़ सकता है। यह चिंता का विषय है। दरअसल, तकनीकी विकास हमेशा अपने साथ चुनौतियां और जोखिम लाते हैं। तकनीक कुछ खास तरह के पेशे और काम के लिए खतरा बनती है तो कई नए अवसरों का रास्ता खोलती भी है। औद्योगिक क्रांति के बाद के बदलावों से हमने यह सीखा है। लेकिन, एआई के अवसर और जोखिम दोनों पहले की तुलना में काफी अलग हैं। सबसे अलग है इसके विकास की गति। औद्योगिक क्रांति का दायरा तो सदियों तक कुछ देशों में सिमटा रहा। कप्यूटर क्रांति को भी पूरी दुनिया में फैलने या कहें कि सार्वभौमिक उपस्थिति दर्ज कराने में दशकों लग गए। उस दौरान दुनिया धीरे–धीरे उसे स्वीकार करने के लिए तैयार होती रही। नौकरियों पर खतरा आया पर अचानक नहीं। एआई के साथ ऐसा नहीं है। एआई के इस्तेमाल की बुनियादी सुविधा कप्यूटर और मोबाइल फोन के रूप में घर–घर में मौजूद है। एआइ तकनीक में मामूली अपडेट भी मिनटों में पूरी दुनिया में पहुंच जाता है। दुनिया की बड़ी–छोटी सभी तरह की कंपनियां एआई का तुरंत स्वागत करने के लिए तैयार बैठी हैं। औद्योगिक क्रांति दुनिया में मेहनतकश मजदूरों के लिए चुनौती बनकर आई थी। उसने श्रमिकों की भूमिका को बदल दिया और नए सोच को जन्म दिया। इस बार एआइ न सिर्फ मेहनतकश मजदूरों, बल्कि बुद्धिजीवियों को भी चुनौती देने आ रहा है। एआइ रचनात्मक और विश्लेषणात्मक कार्यों में लगे लोगों– लेखन, कोडिंग और ग्राहक सेवा के लिए भी खतरा बनेगा। भारत जैसे युवा आबादी वाले देशों पर यह वज्रपात बनकर टूट सकता है। इसलिए इस दिशा में गंभीरता से तैयारी करने की जरूरत है। यह तैयारी बुनियादी शिक्षा के स्तर पर ही शुरू हो जानी चाहिए।

## नजरिया

### जब समय ने दोहराया खुद को

# 1941 और 2025 का अनोखा संयोग

राजकुमार गौतम




यह वर्ष 2025 और 1941 के बीच एक रोचक संयोग लेकर आया है, जहाँ दोनों वर्षों के पंचांग तिथियाँ और दिन समान क्रम में दिखाई दे रहे हैं। यह मिलान केवल खगोलीय या गणनात्मक सीमाओं तक नहीं है, बल्कि यह हमें अतीत और वर्तमान की घटनाओं को एक साथ देखने और समझने का अवसर भी प्रदान करता है। एक ओर 1941 का वर्ष दुनिया के लिए युद्ध, तबाही और बदलाव का प्रतीक था, तो दूसरी ओर 2025 आधुनिक विज्ञान, तकनीकी विकास और वैश्विक असंतुलन के युग में संतुलन साधने की चुनौती से भरा हुआ है।

1941 वह समय था जब द्वितीय विश्व युद्ध ने दुनिया को अपने शिकंजे में कस लिया था। इस वर्ष 22 जून को जर्मनी ने सोवियत संघ पर 'ऑपरेशन बारबरोसा' नामक आक्रमण किया। यह मानव इतिहास का सबसे बड़ा ज़मीनी हमला माना जाता है, जिसमें लाखों सैनिक शामिल थे। इस आक्रमण ने युद्ध के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया और सोवियत संघ को भी युद्ध में सक्रिय भूमिका निभाने को बाध्य किया। इसके कुछ ही महीनों बाद, 7 दिसंबर को जापान ने अमेरिका के हवाई द्वीप स्थित पर्ल हार्बर नौसैनिक अड्डे पर अचानक हमला कर दिया। इस हमले के बाद अमेरिका ने भी औपचारिक रूप से युद्ध में प्रवेश किया और यह संघर्ष वास्तव में वैश्विक बन गया।

उसी समय ब्रिटेन जर्मनी के हवाई हमलों का सामना कर रहा था। जर्मन वायुसेना द्वारा की गई इन बमबारी कार्रवाइयों को 'ब्लिट्ज' कहा गया। लंदन सहित अनेक ब्रिटिश नगर युद्ध की आग में झुलस रहे थे। आम जनता के लिए यह दौर अत्यंत भयावह था। जीवन, संपत्ति और आशाओं का लगातार क्षरण हो रहा था।

भारत में इस समय स्वतंत्रता संग्राम एक नई दिशा ले रहा था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी में रहते हुए 'आज़ाद हिंद रेडियो' की शुरुआत की और भारत की स्वतंत्रता के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने का प्रयास किया। उन्होंने जर्मन और जापानी सहायता से 'आज़ाद हिंद फ़ौज' के गठन की दिशा में कदम बढ़ाए। यह समय भारतीय युवाओं के मन में विदेशी शासन के विरुद्ध विद्रोह और बलिदान की भावना को प्रज्वलित कर रहा था।

इसी समय जर्मनी में यहूदियों के प्रति नफ़रत और हिंसा की नीति संगठित रूप ले चुकी थी। 1941 में यहूदी नरसंहार की प्रक्रिया शुरू हुई, जो आगे चलकर 'महाविनाश' के नाम से जानी गई। नाज़ी शासन के इस षड्यंत्र में लाखों निर्दोष यहूदी पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को यातनाएँ देकर मार डाला गया। यह इतिहास का एक ऐसा काला अध्याय है, जिसे आज भी याद कर मानवता सिहर उठती है।

अब यदि वर्तमान की बात करें तो 2025 एक बिलकुल भिन्न युग में लिखा जा रहा है। यह युद्ध के मैदान की नहीं, बल्कि यांत्रिक प्रयोगशालाओं और डिजिटल संसार की कहानी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता इस वर्ष मानव जीवन के हर कोने तक पहुँच गई है। शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, जनसंचार और व्यापार जैसे क्षेत्र अब बुद्धिमान यंत्रों से प्रभावित हो चुके हैं। जहाँ एक ओर इससे जीवन सरल हुआ है, वहीं दूसरी ओर मानवीय श्रम, गोपनीयता और नैतिकता को लेकर नई बहसें जन्म ले रही हैं।

दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन एक भयावह सच्चाई बन चुका है।

यूरोप में असहनीय गर्मी, एशिया में विनाशकारी बाढ़ और कनाडा में भीषण जंगल की आग जैसी घटनाएं दुनिया को चेतावनी दे रही हैं कि अब भी समय रहते यदि प्रकृति–संरक्षण के कदम नहीं उठाए गए, तो इसके परिणाम विनाशकारी होंगे। वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों की चेतावनियों को अब अनदेखा नहीं किया जा सकता।

भारत में 2024 के आम चुनावों के बाद जो नई सरकार बनी है, वह 2025 में आर्थिक विकास, तकनीकी परिवर्तन और रोज़गार के अवसरों पर विशेष ध्यान दे रही है। डिजिटलीकरण, नवाचार, हरित ऊर्जा और उच्च तकनीकी शिक्षा जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ाया गया है। इससे भारत विश्व मंच पर एक नए प्रौद्योगिकीय नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरने की दिशा में अग्रसर हो रहा है।

हालाँकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौतियाँ अब भी समाप्त नहीं हुई हैं। पश्चिम एशिया में इज़राइल और हमास के बीच बढ़ता हुआ संघर्ष एक बार फिर से क्षेत्रीय और वैश्विक राजनीति को अस्थिर कर रहा है। शांति प्रयासों के बावजूद हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है और इससे मानवता एक बार फिर युद्ध के कगार पर दिखती है, यद्यपि इस बार संघर्ष का स्वरूप भिन्न है।

2025 एक ऐसा वर्ष है जब अंतरिक्ष अन्वेषण की दौड़ भी तेज़ हो चुकी है। अमेरिका, भारत और चीन चंद्रमा और मंगल की सतह पर वैज्ञानिक आधार स्थापित करने की दिशा में तेज़ी से काम कर रहे हैं। भारत का 'चंद्रयान–4' अभियान इस दिशा में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सकता है। अंतरिक्ष में इस प्रतिस्पर्धा के पीछे वैज्ञानिक श्रेष्ठता, रणनीतिक वर्चस्व और ज्ञान की सीमाओं को विस्तार देने की भावना छिपी हुई है।

इन दोनों वर्षों की तुलना करें तो संकेत और घटनाएँ भले ही भिन्न हों, लेकिन प्रभाव की गहराई एक जैसी है। 1941 ने दुनिया को विनाश, पीड़ा और मनुष्य क्रूरता का चेहरा दिखाया, तो 2025 हमें यह सोचने पर विवश करता है कि क्या हम प्रगति और विकास की दौड़ में अपनी मानवता और प्रकृति को पीछे छोड़ते जा रहे हैं। एक ओर अतीत की भूलें हैं, जो हमें सावधान करती हैं, वहीं दूसरी ओर भविष्य की संभावनाएँ हैं, जो हमें जिम्मेदारी और विवेक के साथ आगे बढ़ने का अवसर देती हैं।

जब पंचांग की तिथियाँ दोहराई जाती हैं, तो इतिहास हमें याद दिलाता है कि समय केवल एक सीधी रेखा नहीं है। यह तरंगों की भांति लौटता है कभी चेतावनी देने, कभी आशा दिखाने, और कभी हमें आईना दिखाने। वर्ष 1941 और 2025 की यह विलक्षण समानता इस बात की प्रतीक है कि मानव सभ्यता समय के साथ चाहे जितनी भी बदले, उसकी मूल चुनौतियाँ युद्ध, सत्ता, न्याय, विज्ञान, प्रकृति और शांति सदैव हमारे समक्ष नई रूपरेखा में आती रहेंगी।

## विचार विण्डो

# श्रम शक्ति के समक्ष बढ़ते तापमान का संकट

डॉ. आशीष वशिष्ठ

जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान आज एक ऐसी सच्चाई बन चुके हैं जिसे नकारा नहीं जा सकता। यह संकट खासतौर से उन मेहनतकश लोगों के लिए और भी बड़ा बन गया है, जो खुले आसमान के नीचे, कड़ी धूप में मजदूरी करते हैं।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट 'कार्यस्थल पर गर्मी : सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए निहितार्थ' के अनुसार, गर्मी एक "मूक हत्यारा" बनती जा रही है जो वैश्विक श्रमिकों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए बड़ा खतरा है। भारत में मई से ही लू का कहर जारी है, और उत्तर भारत के कई हिस्सों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। जबकि एक ओर शहरों में लोग वातानुकूलन यंत्रों से तापमान को नियंत्रित कर रहे होते हैं, दूसरी ओर किसान, निर्माण श्रमिक, वितरण कर्मी और खेतिहर मजदूर धूप में झुलस रहे होते हैं।

भारत की लगभग 90 प्रतिशत श्रम शक्ति असंगठित क्षेत्र में कार्यरत है, जिन्हें न तो उचित सुविधाएं मिलती हैं और न ही पर्याप्त सुरक्षा। इन्हें मौसम की मार चिलचिलाती धूप, वर्षा, आंधी में भी काम करना पड़ता है। यही कारण है कि तापमान में बढ़ोत्तरी का सबसे अधिक बोझ इन्हीं वर्गों को झेलना पड़ता है।

ऊर्जा, पर्यावरण और जल पर अनुसंधान परिषद की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत के 57 प्रतिशत जिले, जहां देश की लगभग 76 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है, इस समय भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इस गर्मी का सबसे ज्यादा असर गरीब, ग्रामीण और मेहनतकश तबकों पर हो रहा है।

हरित शांति भारत और श्रमिक जलवायु न्याय मंच द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट 'जलवायु संकट में श्रम' बताती है कि तापमान में हर 1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से श्रमिकों की आय में 19 प्रतिशत की गिरावट आती है। यह स्थिति उन्हें कठिन विकल्पों के बीच झूलने पर मजबूर करती है – या तो वे अपने स्वास्थ्य की रक्षा करें या आजीविका कमाएं।

गर्मी न केवल श्रमिकों की कमाई को प्रभावित करती है बल्कि उनके स्वास्थ्य और जीवनशैली पर भी गहरा असर डालती है। वन अर्थ द्वारा 2022 में किए गए एक वैश्विक अध्ययन 'बढ़ता तापमान और कम होती नींद' से पता चला कि बढ़ते तापमान से लोगों की नींद की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है, खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और निम्न आय वर्ग के लोगों में। अनुमान है कि 2099 तक हर व्यक्ति की नींद में वर्ष भर में 50 से 58 घंटे की कमी हो सकती है।



अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की एक और रिपोर्ट 'गर्म ग्रह पर श्रम' के अनुसार, 2030 तक भारत में गर्मी से उत्पन्न तनाव के कारण 5.8 प्रतिशत कार्यघंटे घट सकते हैं, जिससे करीब 3 करोड़ 40 लाख लोगों की नौकरियां खतरे में आ सकती हैं। विश्व बैंक की 2022 की एक रिपोर्ट भी इस बात की पुष्टि करती है कि 2030 तक भारत में हर वर्ष 20 करोड़ से अधिक लोग घातक गर्मी की चपेट में आ सकते हैं।

गर्मी से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान और मृत्यु दर में भी वृद्धि हुई है। वर्ष 2017 से 2021 के बीच भीषण गर्मी के कारण होने वाली मृत्यु में 55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2021 में भारत ने गर्मी के कारण लगभग 16 अरब 72 करोड़ कार्य घंटे खो दिए, जिससे देश की सकल घरेलू उत्पाद को 5.4 प्रतिशत का नुकसान हुआ। इन खतरनाक आंकड़ों के बीच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप एक सकारात्मक पहल है। आयोग ने राज्यों को निर्देश दिया है कि खुले में काम करने वाले, बुजुर्ग, बच्चे और बेघर लोग जो सुविधाओं से वंचित हैं, उनके लिए विशेष सुरक्षा उपाय अपनाए जाएं। आयोग ने यह भी कहा है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा–निर्देशों को गंभीरता से लागू किया जाए।

प्रशासन द्वारा कुछ अहम कदम उठाए भी गए हैं। जैसे दोपहर 12:30 से 4:30 तक खुले में काम करने पर रोक, छायादार स्थान, ठंडे पानी की उपलब्धता, और कार्यस्थल पर पंखों की सुविधा जैसी व्यवस्थाएं शहरों में दिखाई देने लगी हैं। परंतु ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति की कटौती और बुनियादी सुविधाओं की कमी अब भी गंभीर समस्या बनी हुई है।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की एक नई रिपोर्ट 'परिवर्तित जलवायु में कार्यस्थलों पर सुरक्षा और स्वास्थ्य' के अनुसार, विश्व के 241 करोड़ श्रमिकों को अपने जीवन में कभी न कभी भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। इसका अर्थ है कि दुनिया के 71 प्रतिशत श्रमिक बढ़ते तापमान से प्रभावित हो सकते हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2018 से 2022 के बीच भारत में गर्मी और लू के कारण 3,798 लोगों की मृत्यु हुई। इससे यह स्पष्ट होता है कि बढ़ती गर्मी अब एक राष्ट्रीय आपदा का रूप ले रही है और इससे निपटने के लिए समग्र रणनीति की आवश्यकता है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुटेरेस के शब्दों में, "यदि कोई एक चीज़ है जो हमारी विभाजित दुनिया को जोड़ती है, तो वह है–गर्मी का एहसास।" इस संकट का सामना करते हुए यह आवश्यक है कि हम श्रमिकों के मानवाधिकारों की रक्षा करें और उन्हें सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराएं।

# सचिन तेंदुलकर का टूटेगा रिकॉर्ड, जो रूट बनाएंगे नया इतिहास

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** यह टेस्ट सीरीज भारत और इंग्लैंड के क्रिकेट इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय साबित हो सकती है। पांच मैचों की इस लंबी सीरीज में न सिर्फ रोमांच अपने चरम पर होगा, बल्कि कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड्स भी दांव पर होंगे। इस बार सभी की नजरें इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट पर टिकी होंगी, जो एक बेहद खास रिकॉर्ड को तोड़ने की दहलीज पर खड़े हैं। बात हो रही है सचिन तेंदुलकर के उस रिकॉर्ड की, जिसे बरसों से कोई भी खिलाड़ी चुनौती नहीं दे सका। सचिन तेंदुलकर ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने शानदार टेस्ट करियर में कुल 2535 रन बनाए हैं। उन्होंने यह कारनामा 32 टेस्ट मैचों की 53 पारियों में किया। वहीं दूसरी ओर जो रूट अब तक भारत के खिलाफ 30 टेस्ट मैचों की 55 पारियों में 2846 रन बना चुके हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। यह आंकड़ा उन्हें भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला बल्लेबाज बनाता है। इससे साफ है कि जो रूट ने सचिन तेंदुलकर के ओवरऑल रनों को पीछे छोड़ दिया है, लेकिन इंग्लैंड की धरती पर अब भी सचिन सबसे आगे हैं  बस थोड़े ही अंतर से। इंग्लैंड में सचिन तेंदुलकर ने भारत के खिलाफ 17 मैचों में 1575 रन बनाए हैं, जबकि जो रूट ने अब





तक इंग्लैंड में 15 मैचों में 1574 रन बनाए हैं। यह फासला सिर्फ एक रन का है। जैसे ही जो रूट अगली पारी में दो रन बना लेंगे, वे इंग्लैंड की धरती पर भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। इस बात ने क्रिकेट प्रेमियों की उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है। इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच जैसे ही शुरू होगा, सभी की नजरें इसी एक रन पर टिकी होंगी खास बात यह है कि अब इस सीरीज का नाम भी बदलकर "एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी" रखा गया है, जिससे यह और भी प्रतिष्ठित हो गई है। यह नाम दो महान खिलाड़ियों  इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और भारत के मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर  को समर्पित है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि यह सीरीज सिर्फ एक क्रिकेट मुकाबला नहीं, बल्कि दो क्रिकेट महाशक्तियों की टक्कर और गौरव की लड़ाई भी है। जो रूट का रिकॉर्ड सिर्फ रन बनाने तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने अकेले भारत के खिलाफ इतने टेस्ट शतक लगा दिए हैं, जितने पूरी भारतीय टीम मिलकर नहीं बना पाई। यह आंकड़ा उनके कौशल और निरंतरता को दर्शाता है। उनके शतक न केवल इंग्लैंड को मजबूती देते हैं, बल्कि विरोधी टीम के हौसले भी पस्त कर देते हैं।

इस बार की टेस्ट सीरीज में भारत की रणनीति स्पष्ट होगी जो रूट को जल्दी आउट करना। अगर टीम इंडिया ऐसा करने में सफल रहती है, तो मैच पर पकड़ बनाना आसान हो जाएगा। लेकिन अगर जो रूट एक बार क्रीज पर जम गए, तो फिर उन्हें रोकना भारतीय

## भारत–इंग्लैंड टेस्ट में जो रूट ने बनाए सबसे अधिक रन

गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। खासकर तब जब जो रूट लगातार बेहतरीन फॉर्म में नजर आ रहे हैं और हर सीरीज में नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। भारतीय टीम भी इस बार बेहद संतुलित नजर आ रही है। युवा खिलाडियों के साथ अनुभव का अच्छा मेल है। गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, और रविचंद्रन अश्विन जैसे गेंदबाज इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं। वहीं बल्लेबाजी में रोहित शर्मा, विराट कोहली और शुभमन गिल जैसे बल्लेबाजों से उम्मीदें होंगी कि वे टीम को मजबूत शुरुआत दें। अंत में कहा जा सकता है कि यह भारत–इंग्लैंड टेस्ट सीरीज सिर्फ एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि रिकॉर्ड्स की दौड़ और ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बनने जा रहा है। जो रूट और सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड्स की तुलना इस सीरीज को और भी रोमांचक बना रही है। क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद है कि यह सीरीज ना केवल खेल का उच्च स्तर दिखाएगी, बल्कि भविष्य के लिए कई प्रेरणादायक कहानियां भी गढ़ेगी।

# कुली हादसे के 4 दशक बाद भी नहीं भूले दर्द

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की जिंदगी में साल 1982 का वो हादसा एक ऐसा मोड़ था, जिसे वह आज तक नहीं भूल पाए हैं। यह दर्दनाक घटना उनकी सुपरहिट फिल्म कुली की शूटिंग के दौरान घटी, जब एक फाइट सीन में अभिनेता पुनीत इस्सर के साथ एक्शन करते समय उन्हें पेट में जोरदार पंच लग गया था। यह सीन भले ही कैमरे के लिए था, लेकिन चोट असली और बेहद गंभीर थी।



अमिताभ को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक हो गई। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने के लिए दिन–रात एक कर दिया और पूरे देश ने उनके लिए दुआएं मांगी।

इस हादसे के बाद उन्हें खून की जरूरत पड़ी और करीब 200 लोगों ने उनके लिए रक्तदान किया। उस वक्त करीब सात यूनिट खून चढ़ाया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश, उनमें से एक डोनर के खून में हेपेटाइटिस बी वायरस मौजूद था जो जांच में पकड़ में नहीं आया। यह वायरस धीरे–धीरे अमिताभ के शरीर में फैलता रहा और उन्हें इसका पता साल 2005 में चला, जब रूटीन हेल्थ चेकअप में यह बीमारी सामने आई। तब तक उनका 75% लिवर खराब हो चुका था और अब वह सिर्फ 25 प्रतिशत लिवर पर जीवन जी रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने खुद इस बात का खुलासा अपने शो कौन बनेगा करोड़पति में किया और लोगों को स्वास्थ्य जांच समय–समय पर कराने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि समय पर जांच से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। फिल्म कुली 1983 में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर साबित हुई। फिल्म ने लगभग 21 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जो उस समय के हिसाब से एक बड़ी सफलता थी।

# मराठी सिनेमा के दिग्गज एक्टर विवेक लागू का निधन


**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार ने मराठी रंगमंच और सिनेमा के वरिष्ठ अभिनेता विवेक लागू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, "भावपूर्ण श्रद्धांजलि!
अभिनेता विवेक लागू के निधन की खबर बेहद दुखद है। उनके जाने से मराठी रंगमंच और फिल्म उद्योग ने एक मुस्कुराता हुआ, सतर्क और संवेदनशील व्यक्तित्व खो दिया है।"



आशीष शेलार ने विवेक लागू के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मंच पर उनका प्रभावशाली अभिनय, टेलीविजन पर उनकी कोमल और भावुक भूमिकाएं और अवसरों पर उनकी सहज हास्य शैली ने उन्हें दर्शकों के दिलों में एक स्थायी स्थान दिलाया।
उन्होंने आगे लिखा, "ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे और उनके परिवार को इस कठिन समय को सहन करने की शक्ति दे, यही हमारी प्रार्थना है।" विवेक लागू हिंदी और मराठी दोनों ही भाषाओं की फिल्मों और नाटकों में अपनी सशक्त उपस्थिति के लिए पहचाने जाते थे। उनकी कला में गहराई, संवेदना और यथार्थ का अद्भुत संतुलन था। उन्होंने अपने लंबे करियर में अनेक यादगार किरदार निभाए, जिनमें हास्य, गंभीर और चरित्र भूमिकाएं शामिल थीं। उनकी शादी प्रसिद्ध अभिनेत्री रीमा लागू से हुई थी, जो 'श्रीमान श्रीमती' जैसे लोकप्रिय धारावाहिक और कई हिंदी फिल्मों में मां की भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। विवेक और रीमा की मुलाकात वर्ष 1976 में हुई थी, लेकिन बाद में वे अलग हो गए थे। रीमा लागू का निधन 2017 में हुआ था। दंपति की बेटी मृण्मयी लागू भी अभिनय और रंगमंच निर्देशन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। विवेक लागू को 'अग्ली' (2013), 'सर्व मंगल सावधान' (2016) और 'व्हाट अबाउट सावरकर' (2015) जैसी फिल्मों में उनके अभिनय के लिए विशेष रूप से याद किया जाता है। उनका जाना मराठी सिनेमा और रंगमंच के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

# नाइट राइडर्स ने इस दिग्गज खिलाड़ी को बनाया नया कोच

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2025 का आयोजन 14 अगस्त से 21 सितंबर तक किया जाएगा। इस टूर्नामेंट से पहले ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए वेस्टइंडीज़ के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो को अपनी टीम का नया मुख्य प्रशिक्षक नियुक्त किया है। वे इस भूमिका में फिल सिमंस का स्थान लेंगे। टीम ने अपने आधिकारिक सामाजिक माध्यम खाते पर इस घोषणा को साझा किया। ड्वेन ब्रावो ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, "टीकेआर का मुख्य प्रशिक्षक बनने का अवसर मेरे लिए गर्व की बात है। यह एक ऐसी टीम है, जो मेरे दिल के बहुत करीब है।
मैं फिल सिमंस को उनके योगदान और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। अब मैं इस नई ज़िम्मेदारी को निभाने के लिए उत्साहित हूं।" ब्रावो का टी20 क्रिकेट में विशाल अनुभव रहा है। वर्ष 2013 से 2024 के बीच उन्होंने सीपीएल में 107 मुकाबले खेले और 129 विकेट चटकाए। इसके



अतिरिक्त, हाल ही में वे अफगानिस्तान क्रिकेट दल के गेंदबाज़ी सलाहकार थे, जिनकी देखरेख में टीम टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल तक पहुंची थी। ब्रावो इससे पहले अबू धाबी नाइट राइडर्स (आईएलटी20 प्रतियोगिता) के प्रशिक्षक भी रह चुके हैं। इसके अलावा वे भारतीय टी20 लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स के परामर्शदाता तथा चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाज़ी प्रशिक्षक की भूमिका में भी काम कर चुके हैं।
ट्रिनबागो नाइट राइडर्स अब तक चार बार सीपीएल खिताब अपने नाम कर चुकी है, जबकि एक बार उपविजेता रही है। बीते सत्र में टीम एलिमिनेटर दौर तक पहुंची थी। अब ड्वेन ब्रावो के मार्गदर्शन में टीम फिर से विजयी अभियान शुरू करने की कोशिश करेगी।

# दूसरे टेस्ट में चयन के लिए फिट होगा ये घातक खिलाड़ी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच जारी टेस्ट श्रृंखला में बांग्लादेश को एक बड़ी खुशखबरी मिली है। टीम के उपकप्तान और प्रमुख ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज अब दूसरे टेस्ट मैच के लिए फिट हो गए हैं। वे पहले टेस्ट मुकाबले में बुखार और फिटनेस की कमी के चलते नहीं खेल पाए थे, लेकिन अब उन्होंने 19 जून को आयोजित अभ्यास सत्र में हिस्सा लेकर यह स्पष्ट कर दिया है कि वे पूरी तरह से मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। पहले टेस्ट मैच में मेहदी की जगह अनामुल हक बिजॉय को टीम में शामिल किया गया था, लेकिन वे प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे और पहली ही पारी में खाता खोले बिना आउट हो गए। ऐसे में मेहदी की वापसी से टीम को न केवल बल्लेबाजी में मजबूती मिलेगी, बल्कि गेंदबाजी आक्रमण को भी गहराई मिलेगी। टीम मैनेजर नफीस इकबाल ने क्रिकबज से बात करते हुए पुष्टि की है कि मेहदी हसन अब काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं और उनका अगले मैच के लिए चयन होना लगभग तय है। दूसरा



टेस्ट मैच 25 जून से सिंहाला स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर खेला जाएगा। यह पिच हमेशा से ही स्पिन गेंदबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है और मेहदी हसन मिराज जैसी गुणवत्ता वाले स्पिनर की वापसी टीम के लिए बहुत उपयोगी साबित हो सकती है। मेहदी हसन मिराज ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत 2016 में की थी और अब तक उन्होंने 53 टेस्ट मैचों में 2068 रन बनाए हैं, जिनमें दो शतक और नौ अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 205 विकेट अपने नाम किए हैं। वनडे में उनके नाम 110 विकेट और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 16 विकेट हैं। उनकी ऑलराउंड क्षमताओं ने कई मौकों पर बांग्लादेश को जीत दिलाई है, और अब उनकी वापसी से टीम को दूसरे टेस्ट में मजबूती मिलने की पूरी उम्मीद है।

# धनुष की फिल्म 'कुबेर' ने फैन्स को किया भावुक

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तमिल सुपरस्टार धनुष ने दो वर्षों के बाद फिल्म 'कुबेर' के साथ तेलुगु सिनेमा में शानदार वापसी की है। यह क्राइम ड्रामा फिल्म 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और दर्शकों की प्रतिक्रियाएं तुरंत सोशल मीडिया पर छा गईं। शेखर कम्मुला के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर जहां कुछ दर्शकों ने इसकी लंबाई पर सवाल उठाए, वहीं अधिकांश लोगों ने धनुष के अभिनय को उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ करार दिया। फिल्म में धनुष



एक भिखारी के किरदार में नजर आते हैं, जो समाज की सच्चाइयों से जूझ रहा है। यह भूमिका उनके सामान्य नायक वाले किरदारों से काफी अलग है, लेकिन उन्होंने इसे बेहद सहजता और गहराई से निभाया है। एक समीक्षक ने लिखा, "धनुष ने अपने अभिनय से किरदार में जान भर दी। उनकी मासूमियत दर्शकों को किरदार से जोड़ देती है।"

रश्मिका मंदाना ने मुख्य महिला भूमिका निभाई है और उनकी धनुष के साथ केमिस्ट्री को खूब सराहा गया है। वहीं, जिम सार्भ एक अमीर अरबपति के रूप में और नागार्जुन एक सख्त पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आते हैं। इन सभी कलाकारों की उपस्थिति ने फिल्म को और प्रभावशाली बना दिया है। 'कुबेर' न सिर्फ एक मनोरंजक कहानी कहती है, बल्कि भ्रष्टाचार, सामाजिक असमानता और सत्ता की जटिलताओं जैसे गंभीर विषयों को भी उजागर करती है। फिल्म तमिल, तेलुगु और हिंदी भाषा में पूरे भारत में रिलीज हुई है। यह फिल्म धनुष की 51वीं मुख्य भूमिका है और 2023 की ब्लॉकबस्टर 'वाथी' के बाद उनकी दूसरी अखिल भारतीय फिल्म है। कुल मिलाकर, 'कुबेर' को दर्शकों से भरपूर सराहना मिल रही है और यह फिल्म उनके करियर की एक यादगार कड़ी बनती नजर आ रही है।



### फ्लैट दिलाने के नाम पर 27 लाख की ठगी

# सपा नेता समेत तीन पर एफआईआर दर्ज

**यूनिक समय, लखनऊ।** लखनऊ में डालीबाग निवासी महिला से फ्लैट दिलाने के नाम पर सपा नेता और उनके साथियों पर 27 लाख रुपये की ठगी का आरोप है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हजरतगंज थाने में रियल एस्टेट फर्म संचालक व सपा नेता ठाकुरगंज के जरनैलगंज निवासी सउद मुशीर, फहद बख्श व जावेद बख्श के खिलाफ फ्लैट के नाम पर 27 लाख की ठगी की एफआईआर की गई है।




मामले में अल्पसंख्यक आयोग की पूर्व महिला सदस्य डालीबाग निवासी रुमाना सिद्दीकी ने एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल से शिकायत की थी। रुमाना के मुताबिक, वर्ष 2016 में उनकी पहचान सउद मुशीर से हुई थी, जिसने खुद को सपा का प्रदेश सचिव भी बताया था। आरोपी ने कहा कि कल्याणपुर रिंग रोड के पास फ्लैट बने हैं। वह उन्हें भी अच्छी कीमत पर फ्लैट दिला देगा। बातों में फंस कर रुमाना ने 31 लाख का फ्लैट बुक कराया। इसमें उन्होंने सउद को 27 लाख का भुगतान कर दिया। इसके बावजूद उन्हें फ्लैट नहीं मिला। दबाव बनाने पर टालमटोल करता रहा। विरोध पर आरोपी ने खुद को मुख्तार अंसारी गिरोह का सदस्य बताया। इतना ही नहीं सउद व उसके साथी फहद व जावेद ने गोली मारने की धमकी देना शुरू कर दिया।

रुमाना ने जब जांच की तो पता चला कि सउद मुशीर ने फहद बख्श सिद्दीकी और जावेद की मदद से फ्लैट बेच दिया है। आरोपियों ने बिना मानचित्र पास कराए ही निर्माण कराया था। कई लोगों को फ्लैट भी बेचे गए, जिसे लेकर विवाद है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

B.L TIWARI MEMORIAL COSMETIC GYNAECOLOGY CENTRE
Regain Control & Confidence
International Yoga Day
TREATMENT OF URINARY LEAKAGE
Non surgical Laser based
No More Suffering from Piles
PILE | FISSURE | FISTULA
Treatment by Laser
डॉ. वर्षा तिवारी
M.B.B.S., D.G.O.
परामर्श समय प्रतिदिन 10 बजे से 2 बजे तक और सायं 6 बजे से 7 बजे तक
डॉ. बृजेन्द्र तिवारी
M.B.B.S., M.S., F.I.C.S., F.I.A.G.S.
परामर्श समय प्रतिदिन 12 बजे से 3 बजे तक
बी. एल. तिवारी मैमोरियल हॉस्पीटल
1663, बाढ़पुरा, सदर रोड़, मथुरा | 8650039936, 9456683794

### यूपी में मानसून सक्रिय

## 30 जिलों में भारी बारिश और 58 में वज्रपात का अलर्ट

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों से शुरू होकर इसका प्रभाव अब तराई, मध्य और पश्चिमी इलाकों तक फैल गया है। शुक्रवार को राजधानी लखनऊसहित कई जिलों में झमाझम बारिश दर्ज की गई। वहीं, मौसम विभाग ने शनिवार को राज्य के 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इनमें प्रयागराज, मिर्जापुर, सोनभद्र और भदोही के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जहां भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना जताई गई है।

58 जिलों में गरज-चमक और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में तेज झोंकेदार हवाएं भी चल सकती हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊके वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में मानसून सक्रिय हो चुका है। अब विंध्य क्षेत्र और बुंदेलखंड में भी अच्छी बारिश की उम्मीद है।

देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, बरेली, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद सहित 58 जिलों में मेघगर्जन व बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। बारिश की तीव्रता और क्षेत्रफल में और वृद्धि होने की संभावना है, जिससे जनजीवन पर असर पड़ सकता है।

### उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाला

## दस्तावेज न मिलने से सीबीआई जांच बंद होने की कगार पर




**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में हुए भर्ती घोटाले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो जांच अब बंद होने की कगार पर है। सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को पत्र लिखकर गंभीर चिंता जताई है कि जांच में आयोग और राज्य सरकार का सहयोग नहीं मिल रहा है।

पत्र में कहा गया है कि अपर निजी सचिव भर्ती परीक्षा-2010 से संबंधित जांच के लिए पिछले चार वर्षों से आयोग से जरूरी दस्तावेज और राज्य सरकार से तीन कर्मचारियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति मांगी जा रही है।

इन कर्मचारियों में सिस्टम एनालिस्ट गिरीश गोयल, सेक्शन ऑफिसर विनोद कुमार सिंह और समीक्षा अधिकारी लाल बहादुर पटेल शामिल हैं। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

सीबीआई ने यह भी बताया कि पीसीएस 2015 परीक्षा की जांच से जुड़े अभिलेखों को लेकर आयोग को लगभग 15 बार पत्र भेजे जा चुके हैं, फिर भी कोई दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराए गए हैं। यह स्थिति जांच को बाधित कर रही है।

निदेशक ने स्पष्ट किया कि यदि एक माह के भीतर मांगे गए दस्तावेज और अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलती है, तो विवश होकर सीबीआई को यह जांच बंद करनी पड़ेगी। चूंकि यह जांच राज्य सरकार के अनुरोध पर की जा रही है, आयोग का यह असहयोग जांच प्रक्रिया और पारदर्शिता दोनों पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

### तबादलों में भ्रष्टाचार की गूंज

## मायावती ने विजिलेंस और एसआईटी जांच की उठाई मांग



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सरकारी विभागों में तबादलों को लेकर फैले भ्रष्टाचार पर सियासत गर्मा गई है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने इस मुद्दे पर गंभीर रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से तबादलों में हो रहे कथित भ्रष्टाचार की विजिलेंस और एसआईटी (विशेष जांच दल) से जांच कराने की मांग की है।

मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर अपने बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में तबादलों के नाम पर घूसखोरी और पक्षपात की शिकायतें आम होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को चाहिए कि वे भ्रष्टाचार विरोधी विभागों को सक्रिय करें और समयबद्ध एसआईटी गठित कर निष्पक्ष जांच कराएं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अफसरों की मनमानी और सरकारी भ्रष्टाचार पर तुरंत सख्त कदम उठाया जाना जनहित और राज्यहित में आवश्यक है।

इससे पहले, स्टांप एवं पंजीयन विभाग में हुए तबादलों को लेकर बड़े पैमाने पर पैसे के लेनदेन की शिकायत सामने आई थी।

इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आईजी स्टांप समीर वर्मा को उनके पद से हटा दिया और उनके द्वारा किए गए 210 तबादलों को रद्द कर दिया। यह कार्रवाई राज्य मंत्री रवींद्र जायसवाल की शिकायत के बाद हुई।

इस मामले ने प्रदेश में तबादलों को लेकर पारदर्शिता और जवाबदेही की बहस को फिर से तेज कर दिया है। विपक्ष सरकार से ठोस और समयबद्ध जांच की मांग कर रहा है।

## स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में गौतमबुद्धनगर अव्वल



**यूनिक समय, लखनऊ।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स रिपोर्ट 2023-24 जारी की है, जिसमें उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले ने पहला स्थान हासिल किया है। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्कूली शिक्षा व्यवस्था के समग्र मूल्यांकन पर आधारित है, जिसमें लर्निंग आउटकम, डिजिटल शिक्षण, आधारभूत ढांचा और संसाधनों के प्रयोग जैसे पहलुओं को शामिल किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 में गौतमबुद्धनगर पहले, झांसी दूसरे, वाराणसी तीसरे, गाजियाबाद चौथे और कानपुर देहात पांचवें स्थान पर रहा है। वहीं फतेहपुर, चित्रकूट, गोरखपुर, बागपत और फैजाबाद भी टॉप 10 में शामिल हैं। राजधानी लखनऊ इस बार 12वें स्थान पर खिसक गई है, जबकि 2022-23 की रिपोर्ट में वह सातवें स्थान पर थी। पूर्ववर्ती वर्ष 2022-23 की रिपोर्ट में झांसी पहले और गौतमबुद्धनगर दूसरे स्थान पर था। शिक्षा मंत्रालय की इस रिपोर्ट के जरिए यह मूल्यांकन किया गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति कितनी प्रभावी रही और किन जिलों में इसका बेहतर क्रियान्वयन हुआ। रिपोर्ट में डिजिटल संसाधनों के प्रयोग और बुनियादी सुविधाओं में सुधार की दिशा में भी संकेत दिए गए हैं। इस रैंकिंग से न सिर्फ जिलों की शिक्षा व्यवस्था की स्थिति स्पष्ट हुई है, बल्कि आगे की रणनीति और सुधारों के लिए भी एक ठोस रोडमैप प्रदान किया गया है।

### सीएम ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का किया लोकार्पण

## आजमगढ़ अब आतंक नहीं, साहस का गढ़ : योगी

**यूनिक समय, आजमगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को आजमगढ़ दौरे पर पहुंचे जहां उन्होंने सलारपुर में आयोजित जनसभा में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने आजमगढ़ की छवि बदलने की दिशा में हुए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा, "आजमगढ़ अब आतंक का नहीं, अदम्य साहस का गढ़ बन चुका है।"



सीएम योगी ने कहा कि यदि 1857 की क्रांति के समय पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जैसा आधारभूत ढांचा होता, तो आजादी और भी जल्दी मिल जाती। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि अब विकास की गंगा प्रयागराज से सोनभद्र तक बह रही है।

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 91.35 किलोमीटर है, जो गोरखपुर के जैतपुर से शुरू होकर आजमगढ़ के सलारपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ता है। यह एक्सप्रेसवे गोरखपुर, संतकबीरनगर, आंबेडकरनगर और आजमगढ़ जिलों से होकर गुजरता है। भविष्य में इसे छह लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा। इसके निर्माण में भूमि अधिग्रहण सहित कुल 7283.28 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि राज्य की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के लिए पहले से 'टिकट रिजर्व' है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने डी कंपनी (दाऊद गैंग) जैसे लोगों को संरक्षण दिया, लेकिन हमारी सरकार ने उन्हें "जहन्नुम का टिकट" दिया है। सीएम योगी ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश 'सर्वोत्तम प्रदेश' बनने की दिशा में बढ़ चुका है और विकास एवं विरासत दोनों पर एक साथ काम हो रहा है।

## सार संक्षेप

### कनाडा में भारतीय छात्रा की मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** यूनिवर्सिटी ऑफ कैलगरी में पढ़ रही तान्या त्यागी की रहस्यमयी हालात में मौत हो गई। मौत के कारणों की पुष्टि नहीं हुई है। भारतीय मिशन कनाडाई अधिकारियों के संपर्क में है। परिवार को हर संभव मदद दी जा रही है।

### पाकिस्तान ने मांगा था संघर्षविराम

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने माना कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद उन्होंने संघर्षविराम की गुहार लगाई थी। यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल है और पाकिस्तान की पुरानी रणनीति पर सवाल खड़े कर रहा है।

### "वन नेशन, वन टाइम" नीति लागू

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत सरकार ने पूरे देश में एक ही मानक समय को अनिवार्य किया है। इससे रेलवे, एयरलाइंस और सरकारी कार्यप्रणाली में समन्वय बढ़ेगा। नॉर्थईस्ट राज्यों में समय अंतर को लेकर बहस चल रही है।

### भारतीय स्टील्थ फाइटर पर बड़ी पहल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत ने 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी स्टील्थ फाइटर अटउअ के निर्माण के लिए साझेदारों से निविदा आमंत्रित की है। यह विमान अत्याधुनिक तकनीक और गुप्तता क्षमताओं से युक्त होगा। रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में यह बड़ा कदम है।

### ऑपरेशन सिंधु: छात्रों की वापसी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इरान से फंसे 110 भारतीय छात्रों को 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत सुरक्षित निकाला गया। विशेष विमान द्वारा उन्हें आर्मेनिया के रास्ते नई दिल्ली लाया गया। छात्रों ने सरकार और एयरफोर्स का आभार जताया।

### मुकेश अंबानी की उत्तराधिकार योजना

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के प्रमुख मुकेश अंबानी ने तीनों बच्चों–आकाश, ईशा और अनंत को संचालन की अहम ज़िम्मेदारियाँ सौंपनी शुरू कर दी हैं। उन्होंने ग्रीन एनर्जी और डिजिटल इंडिया को भविष्य की दिशा बताया।

### आमिर खान की नई फिल्म रिलीज़

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आमिर खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म सितारे ज़मीन पर का प्रीमियर आज हुआ। पहले दिन ₹12 करोड़ से अधिक की कमाई की संभावना है। फिल्म शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषयों को दर्शाती है।

### लीड्स टेस्ट: इंग्लैंड ने जीता टॉस, भारत की पहले बल्लेबाजी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इंग्लैंड के लीड्स में पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट मैच आज खेला जाएगा। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है। भारत बल्लेबाजी करने के लिए कुछ देर में उतरेगा।

---

पीएम ने बिहार को दी विकास योजनाओं की सौगात

# बिहार के स्वाभिमान पर पंजा, लालटेन का हमला : मोदी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीवान की जनसभा में आरजेडी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 'पंजे और लालटेन वालों' ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को गहरी ठेस पहुंचाई है। मोदी ने पूर्ववर्ती शासन को 'जंगलराज' बताते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बिहार ने कभी देश का नेतृत्व किया था, लेकिन लालटेन और पंजा गठजोड़ ने राज्य को पलायन का प्रतीक बना दिया था।

पीएम मोदी ने बिहार में 22 विकास योजनाओं की सौगात दी, जिनकी कुल लागत 5736 करोड़ रुपये है। इनमें 53,666 शहरी गरीबों को पीएम आवास योजना के अंतर्गत पहली किस्त के रूप में 536 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। इसके अलावा 6684 लाभार्थियों को पक्के घरों की चाबी सौंपी गई। अमृत भारत स्टेशन योजना और नमामि गंगे मिशन की कुल 15 परियोजनाओं का शिलान्यास भी हुआ, जिन पर 2997 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया भारत की तेजी से हो रही प्रगति से प्रभावित है, और बिहार इसमें बड़ी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि देश की 25 करोड़ आबादी को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है।

इस दौरान सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे। पीएम मोदी का यह 6 महीने में चौथा बिहार दौरा है। वहीं, राजद नेता तेजस्वी यादव ने तंज कसते हुए कहा कि पीएम मोदी एक बार फिर 'जंगलराज' की स्क्रिप्ट दोहराएंगे।

---

रेल यात्रियों को बड़ी राहत

# अब वेटिंग टिकट की सीमा 25% तक




### कन्फर्म टिकट मिलने की संभावना बढ़ी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों को राहत देने और ट्रेनों में भीड़ कम करने के उद्देश्य से वेटिंग टिकटों पर नई सीमा लागू कर दी है। अब किसी भी ट्रेन में कुल सीटों का अधिकतम 25% ही वेटिंग लिस्ट के रूप में जारी किया जाएगा। इससे यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलने की संभावना अधिक होगी और आखिरी समय तक टिकट की स्थिति को लेकर असमंजस कम होगा। रेल मंत्रालय के अनुसार, अब राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, मेल/एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों की सभी श्रेणियों–एसी फर्स्ट, सेकंड, थर्ड, स्लीपर और चेयर कार–में यह सीमा लागू होगी। उदाहरण के लिए, अगर ट्रेन में कुल 1000 सीटें हैं, तो अधिकतम 250 वेटिंग टिकट ही दिए जा सकेंगे। पुराने नियम के अनुसार जनवरी 2013 में वेटिंग टिकट की संख्या श्रेणियों के अनुसार तय थी, जैसे स्लीपर क्लास में 400 और एसी थर्ड में 300 वेटिंग टिकट जारी किए जाते थे। इससे यात्रियों को यात्रा की निश्चितता नहीं होती थी और आरक्षित डिब्बों में बिना कन्फर्म टिकट वाले यात्री चढ़ जाते थे, जिससे अव्यवस्था फैलती थी। रेलवे के अनुसार, चार्ट बनने तक औसतन 20-25% वेटिंग टिकट कन्फर्म हो जाते हैं। इसी आधार पर यह नई सीमा तय की गई है ताकि यात्रियों को पहले से स्पष्ट स्थिति मिल सके। साथ ही, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक और महिलाओं के लिए आरक्षित कोटा भी यथावत रहेगा। नई व्यवस्था लागू होने से यात्रियों को यात्रा में सुविधा, बेहतर प्रबंधन और भीड़मुक्त कोच का अनुभव मिलेगा।

---

# अमरनाथ गुफा में प्रकट हुए बाबा बर्फानी





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा की शुरुआत से पहले शिवभक्तों के लिए एक सुखद समाचार सामने आया है। जम्मू-कश्मीर स्थित अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी का बर्फ से बना प्राकृतिक शिवलिंग पूर्ण स्वरूप में प्रकट हो गया है। यात्रा 3 जुलाई से आरंभ होगी, लेकिन उससे पहले ही महादेव के दर्शन का एक ताजा वीडियो सामने आया है, जिसे कुछ श्रद्धालुओं ने 18 जून को रिकॉर्ड किया था।

इस वीडियो में बाबा बर्फानी का शिवलिंग स्पष्ट रूप से अपने पूर्ण आकार में नजर आ रहा है। गुफा के अंदर चारों ओर बर्फ की शुद्धता और आध्यात्मिक वातावरण वीडियो में झलकता है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा की गई प्रथम पूजा के बाद यह वीडियो सामने आया है, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था और गहराई से जुड़ गई है।

अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक चलेगी। यात्रा के लिए दो प्रमुख मार्ग होंगे–एक पारंपरिक 48 किमी लंबा नुनवान–पहलगाम मार्ग और दूसरा छोटा लेकिन चुनौतीपूर्ण 14 किमी लंबा बालटाल मार्ग। अमरनाथ गुफा समुद्र तल से लगभग 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।

इस वर्ष अब तक करीब 3.5 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं, जबकि बीते वर्ष 5.10 लाख से अधिक भक्तों ने यात्रा में भाग लिया था। हाल ही में पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। केंद्र सरकार ने 581 सीएपीएफ कंपनियां तैनात करने का निर्णय लिया है, जिसमें करीब 42,000 सुरक्षाकर्मी शामिल होंगे।

श्रद्धा, सुरक्षा और संगठन के इस समन्वय के साथ अमरनाथ यात्रा 2025 एक बार फिर भक्ति का अद्वितीय पर्व बनकर उभरेगी।

---

## हिमाचल में झमाझम बारिश से तबाही, कई जगह लैंडस्लाइड

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून की शुरुआती बारिश ने भारी तबाही मचाई है। शुक्रवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में जोरदार बारिश से लैंडस्लाइड की घटनाएं सामने आईं। शिमला के जतोड़ में एक पिकअप गाड़ी मलबे में दब गई, जबकि ताउणी–हाटकोटी मार्ग का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ। पंडोह के स्कूल में जलभराव से छात्रों को परेशानी हुई। धर्मशाला–चतरो–गगल मार्ग पर भी यातायात बाधित हुआ। मौसम विभाग ने 22, 23, 25 और 26 जून को 'ऑरेंज अलर्ट' तथा 24 जून को 'येलो अलर्ट' जारी किया है। नाहन में सबसे ज्यादा 84.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। विभाग ने चेतावनी दी है कि भारी बारिश से भूस्खलन, कीचड़ धंसने, जलभराव और यातायात में बाधा जैसी समस्याएं हो सकती हैं। अगले तीन दिनों में मानसून के और हिस्सों में फैलने की संभावना है।

## दिल्ली में 2000 करोड़ का क्लासरूम घोटाला उजागर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली में 2000 करोड़ रुपये के क्लासरूम घोटाले का बड़ा खुलासा हुआ है। जरूरत से तीन गुना ज्यादा कक्षाएं बनाकर पैसे की हेराफेरी की गई। ईडी ने 37 जगह छापे मारे, जहां फर्जी दस्तावेज, नकली मुहरें, और 322 फर्जी बैंक खाते मिले। मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन पर आरोप दर्ज हैं।

---

# दिल्ली–पुणे एयर इंडिया फ्लाइट से टकराया पक्षी

### वापसी की उड़ान रद्द

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एअर इंडिया की दिल्ली से पुणे जा रही फ्लाइट में शुक्रवार को पक्षी टकरा गया, जिससे एयरलाइन को उसी विमान की वापसी यात्रा को रद्द करना पड़ा। एयर इंडिया के अनुसार, विमान सुरक्षित रूप से पुणे एयरपोर्ट पर उतरा और पक्षी से टकराने की जानकारी लैंडिंग के बाद सामने आई। इसके बाद विमान को तकनीकी जांच के लिए रोक दिया गया है और इंजीनियरिंग टीम इसकी व्यापक जांच कर रही है।

एयर इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 20 जून को पुणे से दिल्ली लौटने वाली फ्लाइट एआई-2470 को रद्द कर दिया गया है।

यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया।

फंसे हुए यात्रियों के लिए एयर इंडिया ने वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था, ठहरने की सुविधा और भोजन की व्यवस्था की है। साथ ही, यात्रियों को टिकट रद्द करने पर पूरा पैसा लौटाने या अगली यात्रा के पुनर्निर्धारण का विकल्प भी दिया गया है।

इस बीच एयर इंडिया ने शुक्रवार को रखरखाव और खराब मौसम समेत परिचालन संबंधी कारणों से अपनी चार अंतरराष्ट्रीय और चार घरेलू उड़ानों को भी रद्द कर दिया है। रद्द की गई उड़ानों में दुबई, मेलबर्न, चेन्नई, दिल्ली, पुणे, अहमदाबाद, हैदराबाद और मुंबई के बीच की सेवाएं शामिल हैं।

एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था की जा रही है और ग्राउंड स्टाफ यात्रियों की हर संभव सहायता में जुटा है। यह कदम सुरक्षा और सुचारु संचालन को प्राथमिकता देते हुए उठाया गया है।

### चेन्नई से मदुरै जा रही इंडिगो फ्लाइट में तकनीकी खराबी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** शुक्रवार सुबह चेन्नई से मदुरै जा रही इंडिगो की उड़ान 6ए-7167 में उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई। करीब 30 मिनट बाद पायलट ने खराबी का पता लगाकर चेन्नई लौटने का फैसला किया। विमान में 68 यात्री सवार थे, जिन्हें सुरक्षित उतार लिया गया। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि फ्लाइट सुबह 7:55 बजे चेन्नई से रवाना हुई थी। इंडिगो ने तकनीकी कारणों से उड़ान को रोकने की पुष्टि की है और यात्रियों को दूसरी उड़ानों से भेजने की व्यवस्था की जा रही है। मामले पर एयरलाइन की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

---

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस: विशाखापट्टनम में पीएम मोदी करेंगे ऐतिहासिक योग सत्र

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 21 जून को मनाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में एक भव्य योग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। यह आयोजन 26 किलोमीटर लंबे क्षेत्र–आर के बीच से भोगापुरम तक–में किया जाएगा, जहां 3.19 लाख से अधिक लोग एक साथ योग करेंगे। इस विशाल आयोजन का उद्देश्य गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित कई नए रिकॉर्ड स्थापित



करना है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 6:30 से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग दिवस पर पूरे राज्य में 1 लाख से अधिक केंद्रों पर योग सत्र होंगे और अब तक 2.39 करोड़ लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

इस वर्ष की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" रखी गई है। नायडू ने कहा कि 25,000 आदिवासी छात्र 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार कर एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेंगे। इस आयोजन के सुचारू संचालन के लिए, राज्य सरकार ने व्यापक तैयारी की है। 'योगांध्र अभियान' के तहत गांव से लेकर राज्य स्तर तक 15,000 योग प्रतियोगिताएं, 5,451 प्रशिक्षकों की मदद से आयोजित की गईं। एक करोड़ से अधिक प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी दिए गए। कार्यक्रम स्थल पर 1,000 लोगों की क्षमता वाले 326 कम्पार्टमेंट, 3.32 लाख टी-शर्ट और 5 लाख योगा मैट की व्यवस्था की गई है। 30,000 लोगों के लिए वैकल्पिक स्थान भी चिन्हित किया गया है, ताकि बारिश की स्थिति में कार्यक्रम में व्यवधान न हो। सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद है। डीजीपी हरीश कुमार गुप्ता के अनुसार, 10,000 पुलिसकर्मी, 1,200 सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन सुरक्षा निगरानी में तैनात रहेंगे। पीएम मोदी की उपस्थिति के चलते हाई-टेक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से सम्पन्न हो।

योग दिवस की इस भव्यता के साथ, भारत एक बार फिर दुनिया को अपनी सांस्कृतिक शक्ति और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देगा।

## योग के प्रति जागरूकता बढ़ी, लोगों ने साझा किए अनुभव

# योग से ठीक होती हैं बीमारियां, शरीर रहता है स्वस्थ

मुकेश गौतम

**यूनिक समय, मथुरा।** योगा करना अब लोगों के लिए बहुत ही जरूरी हो गया है। योग केवल व्यायाम का तरीका नहीं बल्कि लोगों की जीवनशैली का एक हिस्सा बन चुका है। योग करने से न केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि अनेक गंभीर बीमारियों में भी राहत मिलती है। जनपद में भी हजारों लोग ऐसे हैं, जिन्होंने योग को अपनाकर अपने जीवन की दिशा बदल दी। इनमें कई ऐसे लोग हैं जो मधुमेह, थायराइड, अस्थमा, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और अवसाद जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रस्त थे, लेकिन योग के नियमित अभ्यास ने उन्हें नई ऊर्जा दी। योगा शिक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि करीब 15 साल से राधा नगर पार्क में सुबह 7 बजे लोगों को योगा सिखाया जाता है। अब योगा लोगों की दिन चर्या में आ गया है। योगा करने से काफी बीमारियों से छुटकारा व फायदा मिलता है।


अखिलेश पाण्डेय ने बताया कि योग करने से स्वास्थ्य को अनेक फायदे हैं। लेकिन शुरू में शरीर में बहुत दर्द होता था।


मुन्नी देवी ने बताया कि योगा की क्लास शुरू करने से स्वस्थ महसूस करने लगी हूं। पूरे दिन शरीर में फुर्ती रहती है।


प्रिया सोनी ने कहा कि पहले मेरा शरीर पूरी तरह सफेद हो गया था मुझे चर्म रोग की बीमारी थी। योगा शुरू किया है जब से बिल्कुल ठीक हूं।


मनीषा ने बताया कि आज से पांच साल पहले डॉक्टरों ने उससे घुटनों के ऑपरेशन के लिए बोला था। योगा शुरू करने अब ठीक हूं।


अनुराधा मिश्रा ने बताया कि थाइरायड की वजह से शरीर में पानी भर गया था। योगा करने से थाइरायड केवल एक पोंइट रह गया है।



अर्चना ने बताया कि काफी समय से कमर में दर्द रहता था। योगा शुरू करने कमर का दर्द बंद हो गया है और अब अपने घर का काम कर पाती हूं।


कुमकुम का कहना है कि मुझे पैरालिसिश हो गया था शरीर उठ नही पाता था। योग करने बहुत फायदा है। अभी गिर्राज महाराज की परिक्रमा भी लगा कर आई हूं।



सोहन देई ने बताया कि वह 85 साल की हैं। काफी समय से बिस्तर में पड़ी रहती थी। योग शुरू करने से बिल्कुल ठीक हैं।


रिटायर्ड दरोगा अतर सिंह ने बताया कि हाथ पैर नहीं उठ पाते थे। लिवर खराब होता जा रहा था। योगा करने आराम महसूस होता है।


दिनेश खण्डेलवाल ने बताया कि मेरा शरीर उठ नहीं पाता था। योग शुरू करने से स्वस्थ हूं। नींद बेहतर हुई। तनाव घटा और ऊर्जा का स्तर बढ़ गया है।


महीपाल चौधरी ने कहा कि मैं घुटने से काफी परेशान था ढंग से चल भी नहीं पा रहा था। लिवर भी फैटी होता जा रहा था। योगा करने से बिल्कुल ठीक हूं।


पूनम अग्रवाल ने कहा कि मुझे लिवर में परेशानी होती जा रही थी। मेरा क्रेटीना भी बढ़ता जा रहा था। योग शुरू करने से ठीक हूं। अब मुझे दवाओं की जरूरत नहीं है।


पदम सिंह ने बताया कि मेरे हाथ पैर नहीं उठ पाते थे। योग शुरू करने से मुझे काफी आराम मिला है। दवाओं से भी छुटकारा मिल गया है।


मुरारी लाल जुनेजा ने बताया कि वह हर दिन 45 मिनट योग करते हैं। नींद अच्छी आती है। मन शांत रहता है। पैरों पर काफी सूजन रहती थी, जिसमें अब आराम है।


पुष्पा राही ने कहा कि पहले गर्दन नहीं मुड़ पाती थी और न हीं हाथ पैर सही से चलते थे। योग से ऐसा चमत्कार हो गया है मैं ठीक हो गया हूं।


दाताराम ने कहा कि वह एक साथ कई बीमारियों से पीड़ित थे। शुगर काफी रहता था। योगा से आज वह अपने आप को स्वस्थ महसूस करते हैं।

# डीएम सर! हमारा जीवन बर्बाद हो जाएगा, हमें न्याय दिलाओ


जिलाधिकारी कार्यालय पर डीएम को समस्या बताने पहुंचे एक शिक्षण संस्थान की छात्राएं।

### आज क्षुब्ध छात्राएं पहुंची डीएम के दरबार

### शिक्षण संस्थान के बारे में बताया, डीएम ने आश्वासन दिया, होगी जांच

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** एक शिक्षण संस्थान की छात्राएं आज पुनः डीएम कार्यालय अपनी फरियाद लेकर पहुंची। डीएम से कहा कि सर संस्था के पास मान्यता नहीं है। चार साल से कर रहा है गुमराह। हमारा जीवन बर्बाद हो जाएगा। उनका अंतिम वर्ष है। डीएम ने सभी छात्राओं से कहा कि वे जांच कमेटी बनाकर संस्थान की जांच कराएंगे। आवश्यक हुआ तो वे दोषियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करके कार्रवाही करेंगे।

कल भी उक्त शिक्षण संस्थान की छात्राएं डीएम से मिलने पहुंची थी। लेकिन डीएम कल आगरा में कमिश्नर की बैठक में थे। इस कारण वे पुनः अपनी समस्या को बताने के लिए शुक्रवार को पहुंची। छात्राओं ने दोषी शिक्षण संस्थान के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। छात्राओं ने कहा कि उक्त संस्था के पास भारतीय नर्सिंग काउंसिल की मान्यता न होने के बाद भी विगत 4 वर्षों से उसके आधार पर बच्चों को गुमराह करके प्रवेश व शिक्षा सुचारू रखने का कार्य किया गया और विद्यार्थियों की कई बार आईएनसी की मान्यता लाने पर जब मांग की गई तो कॉलेज प्रशासन उसे यह कहकर टाल दिया कि यह आवश्यक नहीं है और अभी भी नए बच्चों का एडमिशन लिया जा रहा है। इस अवसर पर तीन दर्जन छात्राएं उपस्थित रहीं।

# अलंकार योजना के कार्यों की जांच करें 25 तक

### सीडीओ ने समीक्षा में अधिकारियों को निर्देश दिए

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालयों में हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी ने तकनीकी टास्क फोर्स की गुणवत्ता जांच आख्या प्राप्त न हो पाने पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित जांच अधिकारियों को 25 जून तक जांच करते हुए गुणवत्ता आख्या उपलब्ध करवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। उनके द्वारा आगामी बैठक में जांच आख्या उनके सम्मुख प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए गए। इसमें जिला विद्यालय निरीक्षक रवींद्र सिंह, सहायक अभियंता ऊ प्र आवास विकास परिषद आगरा उपस्थित थे।

# केआर कॉलेज में त्रिदिवसीय योग शिविर का आयोजन


योग शिविर में शिक्षिकाओं के निर्देशन में योग करती छात्राएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** किशोरी रमण महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 से 18 जून 2025 तक शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में स्लोगन, पोस्टर, स्पीच, निबंध और प्रश्नोत्तरी शामिल थीं, जिन्हें छात्रों द्वारा उत्साहपूर्वक निभाया गया। अगले चरण में, 19 से 21 जून 2025 तक प्राचार्या प्रो. लकी गुप्ता के निर्देशन में त्रिदिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दूसरे दिन महाविद्यालय की रेंजर टीम ने रेंजर लीडर डॉ. निधि शर्मा के नेतृत्व में योगाभ्यास किया, वहीं शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्राओं ने डॉ. विनीता और डॉ. दिव्यान्शु के मार्गदर्शन में हिस्सा लिया। इसके अलावा, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं ने भी डॉ. सुनीता त्रिपाठी के नेतृत्व में योग किया। त्रिदिवसीय शिविर में प्राचार्या प्रो. लकी गुप्ता ने मानव जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को इसे अपने दैनिक जीवन में शामिल करने की प्रेरणा दी।

## योग दिवस को गणेशरा स्टेडियम में तैयारियां

**यूनिक समय, मथुरा।** गणेशरा स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल चल रही हैं। योग दिवस को भव्य और ऐतिहासिक रूप देने के पिछले सप्ताह से प्रशासन जुटा हुआ है। क्रीड़ा अधिकारी राकेश कुमार यादव ने बताया कि हजारों की संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवी संस्थाएं, पुलिस कर्मी, एनसीसी, एनएसएस एवं विभिन्न संगठनों के लोग काफी संख्या में शामिल होने की संभावना है। मंत्री, सांसद व विधायक और प्रशासन के आला अधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। योग दिवस पर स्टेडियम के ग्राउंड में मुख्य अतिथि द्वारा पौधारोपण भी होगा।

# विश्व शरणार्थी दिवस पर सिंधी समाज का दर्द

### कुछ उभरे, कुछ पनप नहीं पाए : किशोर इसरानी

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** देश की आजादी के बदले विभाजन की बलि चढ़े सिंधी समाज को जहां अपनी जन्मभूमि को खोने का जख्म सताता है, वहीं अपने ही देश में शरणार्थी होने का ताना दर्द देता है। यह बातें विश्व शरणार्थी दिवस पर सिंधी जागरूक मंच के संस्थापक किशोर इसरानी ने कही। कहा कि अपने ही देश में बेदखल हुए सिंधी समाज को आज भी अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जहां कुछ प्रतिशत अपनी मेहनत, कला, हुनर के बल पर उभरे, तो आज भी बड़ी संख्या में ऐसे सिंधी परिवार है, जिनके पास अपना खुद का मकान भी नही है, वह आज भी पनप नहीं आए हैं। विभाजन का दंश झेल चुके सिंधी समाज के लेखक विचारक किशोर इसरानी ने कहा कि सिंधी समाज ने अपने ही देश में शरणार्थी होने का दंश झेला था। उन्होंने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन सभ्यता का सबूत है सिंध जिसे स्वतंत्रता के बदले विभाजन की भेंट चढ़ा दिया गया, हमारे बुजुर्ग अपने ही देश में बेगाने हो गए।

जिनका जन्म अखंड भारत के सिंध में हुआ, उनको अपने ही देश में शरणार्थी का ठप्पा मिला, जबकि सिंधी हिन्दू किसी बाहरी देश से नहीं आये थे, बल्कि भारत के एक हिस्से सिंध, जिसे पाकिस्तान बना दिया गया, से भारत आए थे। बहुत दुख होता है जब आज भी कोई हमें पाकिस्तानी या शरणार्थी कहता है।

सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायण दास लखवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र खत्री, महामंत्री बसंत मंगलानी, वरिष्ठ मंत्री गुरूमुखदास गंगवानी ने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा है कि हमारे ऊपर से शरणार्थी का लेबल हटाया जाए और आज भी जो किराए के मकान में रह रहे हैं उन्हें एक अपना घर मुहैया कराया जाए।

## योग जीवनशैली की प्रक्रिया : विशिष्टा यादव

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा में यादव महासभा महिला इकाई द्वारा योग सत्र आयोजित, विशिष्टा यादव ने योग को श्रेष्ठ जीवन की सतत प्रक्रिया बताया। कार्यक्रम में महासभा की जिलाध्यक्ष पूनम यादव, महानगर अध्यक्ष अंजू यादव , प्रदेश सचिव नीतू यादव, वीना यादव, बबीता यादव, सीमा यादव, कनक यादव, ममता यादव और नम्रता सिंह आदि ने भाग लिया।

# रंगनाथ मंदिर में ज्येष्ठाभिषेक



**यूनिक समय, वृंदावन।** दक्षिणात्य शैली के प्रसिद्ध श्री रंगनाथ मन्दिर में नित्योत्सव की श्रृंखला में ज्येष्ठमास कृष्णपक्ष की नवमी तिथि के साथ रेवती नक्षत्र के संयोग पर ज्येष्ठाभिषेक का आयोजन किया गया। शुक्रवार को ठाकुर गोदारंगमन्नार भगवान को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से महाभिषेक वैदिक विधि विधान से किया गया। इक्यासी रजत कलशों से जलाभिषेक किया। इसमें केसर, कपूर, नवांग हल्दी, चन्दन, जड़ी बूटियों मिश्रित जल के अलावा विभिन्न फलों का रस व आम के रस शामिल था। उत्सव प्रातः दस बजे वैदिक मंत्रोचारण के मध्य शुरू हुआ। अभिमंत्रित रजत कलशों को नौ-नौ की कतार में स्थापित कर देश की पवित्र नदियों का आह्वान किया गया। आगम पंचरात्र पद्धति से पूजन प्रक्रिया में गौ दुग्ध, दही, घृत, मधु, शर्करा, इत्र इत्यादि पंचगव्य से अभिषेक शुरू किया। वेदपाठी विद्वानों ने श्री सूक्त, पुरुषसूक्त, वेंकटेश स्त्रोत, गुरूपरम्परा, श्री वरद वल्लभ स्त्रोत का सस्वर पाठ किया जा रहा था, जिससे आध्यात्मिक वातावरण की अनुभूति हो रही थी। ठाकुर गोदा रंगमन्नार भगवान के चल श्री विग्रह को मंडपम में विराजित कर सूती परिधान धारण कराकर वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए जलाभिषेक प्रारम्भ किया। लगभग तीन घण्टे तक अभिषेक की प्रक्रिया अनवरत जारी रही। तदोपरांत ठाकुरजी को नवीन वस्त्राभूषण धारण कराकर कुंभ आरती उतारी।

## मायाटीला मुख्य आरोपी सुनील चैन को आगरा से लाया गया मथुरा

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा के बहुचर्चित मायाटीला प्रकरण में मुख्य आरोपी सुनील जैन को अब मथुरा जिला कारागार में स्थानांतरित कर दिया गया है। आरोपी की तबियत बिगड़ने पर गुरुवार को आगरा के एसएन मेडिकल में भेजा गया था। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मथुरा जेल में लाया गया है। उसे 'नॉर्मल बेरिंग' में रखा गया है, गिरफ्तारी के बाद सुनील चैन ने अपनी तबीयत खराब होने की बात कही थी, तब उसे एसएन मेडिकल के लिए रेफर किया था।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053